




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स

हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता

मो. 94255-32524,94241-43922

पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 36 अंक 289 | कोरबा, सोमवार, दिनांक 21 जुलाई 2025 डाक 22 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध मार्च को रोकने की कोशिश करते पुलिसकर्मी



**देश-विदेश**

माता पिता की चिंता खत्म, अब स्कूल में ही अपडेट हो जाएगा बच्चों का आधार कार्ड, जल्द लागू होगी योजना



**फीचर पेज**

आईलाइनर खरीदते समय इन बातों का रखें ध्यान, होगा सही चयन




# ऑपरेशन सिंदूर पूरी तरह सफल, दुनिया ने हमारा सैन्य सामर्थ्य देखा : पीएम



**नईदिल्ली, 21 जुलाई [एजेंसी]।**

संसद के मानसून सत्र से पहले पीएम मोदी ने कहा कि यह मानसून सत्र देश के लिए बेहद गौरवपूर्ण है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत के कदम रखने और ऑपरेशन सिंदूर में उसके पराक्रम का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि इस दशक में शांति और प्रगति देखी गई, लाल गलियारा अब हरित विकास क्षेत्र में बदल रहा है। 2014 से पहले मुद्रास्फीति दर दहाई अंक में हुआ करती थी, अब यह लगभग दो प्रतिशत है। मुद्रास्फीति कम है और विकास दर ऊंची है। प्रधानमंत्री मोदी ने बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल के सांसदों और उनकी पार्टियों के विदेश दौरे की सराहना की और कहा कि उन्होंने सकारात्मक माहौल बनाया। प्रधानमंत्री मोदी ने सशस्त्र बलों के पराक्रम का बखान करते हुए सांसदों और विभिन्न दलों से एकता का संदेश देने का आग्रह किया। मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया ने भारत की सैन्य शक्ति का, भारत के सैन्य के सामर्थ्य का रूप देखा है। भारत की सेना ने जो लक्ष्य निर्धारित किया था, वह 100 फीसदी हासिल किया। दुश्मन के घर में घुसकर 22 मिनट में आतंकियों के ठिकानों को नेस्तेनाबूद कर दिया। बिहार के कार्यक्रम के दौरान जो घोषणा की थी, बहुत ही कम समय में सेना वो कर के दिखा दिया। मेक इन इंडिया की ताकत पूरी दुनिया ने देखी है। जब भी मैं विदेश में साथियों से मिलता हूं तो उसकी तारीफ होती है। जब सदन इस विजयोत्सव को एक स्वर में विजय के भाव से इस सत्र के दौरान उस भावना को प्रकट करेगा, तो भारत की सैन्य शक्ति को बल मिलेगा। देश को प्रेरणा मिलेगी और सैन्य क्षेत्र में जो काम हो रहा है, उसे भी बल मिलेगा। मेक इन इंडिया को बल मिलेगा। नौजवानों के लिए रोजगार के अवसर खोलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मानसून सत्र में आप सभी का स्वागत है। मानसून सत्र नवीनता का प्रतीक है। अब तक जो खबरें हैं, देश में मौसम बहुत ही अच्छे ढंग से आगे बढ़ रहा है। कृषि को लाभदायक मौसम की खबरें हैं। बारिश देश और ग्रामीण, हर परिवार की अर्थव्यवस्था के लिए अहम है। यह सत्र देश के लिए अपने आप में विजयोत्सव है। जब हम कह रहे हैं कि सत्र राष्ट्र गौरव और विजयोत्सव का सत्र है तो सबसे पहले तो मैं पहली बार इंटनेशनल स्पेस स्टेशन पर भारत का तिरंगा झंडा लहराना, हर देशवासी के लिए गौरव का पल है। देश में विज्ञान के प्रति इनोवेशन के प्रति नया उमंग और उत्साह भरने वाली सफल यात्रा रही है। संसद के मानसून सत्र की कार्यवाही शुरू हो गई है। लोकसभा में दिवंगत पूर्व सांसदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वहीं राज्यसभा में नए सांसदों को पद की शपथ दिलाई गई।

वहीं सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। विपक्षी सांसद खड़े होकर नारेबाजी करने लगे। विपक्षी सांसद ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। वहीं लोकसभा अध्यक्ष का कहना है कि अभी प्रश्नकाल चल रहा है और प्रश्नकाल के बाद नियमों के तहत हर विषय पर चर्चा की जाएगी। लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्षी सांसदों के व्यवहार के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जिन सांसदों को नारेबाजी करनी है, वो सदन के बाहर जाएं। सदन नारेबाजी करने के लिए नहीं बल्कि चर्चा करने के लिए है।

## एनएसयूआई का ओडिशा में सख्त एक्शन, गिरफ्तारी के बाद प्रदेश अध्यक्ष उदित प्रधान को किया निलंबित

**भुवनेश्वर 21 जुलाई ।** एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष उदित प्रधान को अध्यक्ष पद से निलंबित कर दिया गया है। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधुरी ने प्रेस वार्ता के जरिए यह जानकारी दी है।चौधरी ने कहा है कि प्रधान के खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत मिलने के बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से अध्यक्ष पद से निलंबित कर दिया गया है। यहां उल्लेखनीय है कि पीड़िता की शिकायत के बाद भुवनेश्वर में मंचेश्वर थाना पुलिस ने उदित प्रधान को गिरफ्तार कर लिया है।

## सिद्धारमैया की पत्नी को MUDA प्लॉट मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत



**कर्नाटक 21 जुलाई ।** सर्वोच्च न्यायालय ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती सिद्धारमैया को राहत देने वाले कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखा है।

न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें एमयूडीए प्लॉट आवंटन मामले में उन्हें जारी समन रद्द करने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी।

## राजधानी में ऐसा पहली बार... महिला कांवड़ियों के ठहरने के लिए लगाए गए पिंक शिविर



**पूर्वी दिल्ली 21 जुलाई।** राजधानी में पहली बार महिला कांवड़ियों के दो पिंक कांवड़ शिविर लगे हैं। संस्थाओं ने अपने स्तर पर पहल कर इन शिविरों को लगाया है। पिंक टेंट इनकी पहचान है। साथ ही इनमें सेवा करने के स्वयं सेवी भी महिलाएं ही हैं। इनमें ठहरने वाली महिला कावंड़ियों की संख्या कम है, लेकिन जो रुक कर जा रही हैं, वह इसे सराहनीय पहल बता रही हैं। यमुनापार में जीटीबी एन्क्लेव ई-पॉकेट में तत्व सेवा समिति पिंक कावंड़ शिविर चला रही है। शिविर संचालक समिति की अध्यक्ष दीप्ति जोशी ने बताया कि उनकी संस्था ने पहली बार ही कांवड़ शिविर लगाया है। जब इसके विचार कर रहे थे तो यही तय हुआ कि कुछ अलग किया जाए। चर्चा करते हुए सबकी सहमति बनी की केवल महिला कांवड़ियों के लिए ही शिविर लगाया जाए।

# मुंबई लोकल ट्रेन विस्फोट मामले में सभी 12 लोग निर्दोष करार

## हाईकोर्ट ने सबूतों के अभाव में रद की फांसी की सजा

**नईदिल्ली, 21 जुलाई [एजेंसी]।**

11 जुलाई 2006 को मुंबई की लोकल ट्रेनों में हुए सात धमाकों ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। करीब 19 साल बाद, बॉम्बे हाई कोर्ट ने इस मामले में एक बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने 12 लोगों को बेगुनाह करार देते हुए बरी कर दिया। इनमें से पांच को विशेष अदालत ने मौत की सजा और बाकियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। कोर्ट का कहना है कि अभियोजन पक्ष इस मामले को साबित करने में पूरी तरह नाकाम रहा है। यह फैसला उस दर्दनाक हादसे के करीब दो दशक बाद आया, जब मुंबई की लोकल ट्रेनों में हुए सिलसिलेवार धमाकों ने सैकड़ों जिंदगियों को तबाह कर दिया था। जस्टिस अनिल किलोर और जस्टिस श्याम चांदक की विशेष बेंच ने कहा कि अभियोजन पक्ष मामले को साबित करने में पूरी तरह नाकाम रहा। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि सबूतों और गवाहों के बयानों में कई खामियां थीं, जो इस केस को कमजोर करती थीं।

**गवाहों पर कोर्ट को नहीं हुआ यकीन**

कोर्ट ने अभियोजन पक्ष के लगभग सभी गवाहों के बयानों को अविश्वसनीय करार दिया। फैसले में कहा गया कि टैक्सी ड्राइवरों और ट्रेन में मौजूद लोगों के लिए धमाकों के 100 दिन बाद आरोपियों को याद करना मुश्किल था। कोर्ट ने साफ कहा कि इतने लंबे समय बाद दी गई गवाही पर भरोसा नहीं किया जा सकता। इसके अलावा, बम, बंदूकें, नक्शे जैसे सबूतों की बरामदगी को भी कोर्ट ने खारिज कर दिया। कोर्ट का कहना था कि अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर पाया कि धमाकों में किस तरह के बम का इस्तेमाल हुआ था। इसलिए ये बरामद सबूत मामले से जुड़े नहीं माने गए। कोर्ट ने कहा, अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ मामला साबित करने में पूरी तरह विफल रहा है। यह मानना मुश्किल है कि आरोपियों ने अपराध किया है। इसलिए उनकी दोषसिद्धि रद्द की जाती है। पीठ ने कहा कि वह पांच दोषियों को दी गई मृत्युदंड और शेष सात को आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखने से इनकार करती है और उन्हें बरी करती है। कोर्ट ने कहा कि अगर आरोपी किसी अन्य मामले में वांछित नहीं हैं, तो उन्हें तुरंत जेल से रिहा कर दिया जाएगा। 2015 में एक विशेष अदालत ने इस मामले में 12 लोगों को दोषी ठहराया था, जिनमें से पांच को मृत्युदंड और शेष सात को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। सोमवार को हाईकोर्ट का फैसला सुनाए जाने के बाद राज्य भर की विभिन्न जेलों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेश किए गए दोषियों ने अपने वकीलों का धन्यवाद किया।

## मोहाली इंटेलिजेंस मुख्यालय हमला रिंदा समेत 3 आतंकी घोषित होंगे भगौड़े

### तिहाड़ में बंद दिव्यांशु लाया जाएगा पंजाब



**चंडीगढ़।** 2022 में मोहाली इंटेलिजेंस मुख्यालय के हमले मामले में तीन आरोपित आतंकियों हरविंदर सिंह रिंदा, लखवीर सिंह और दीपक को भगौड़ा करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। वहीं, इंटेलिजेंस मुख्यालय पर हुए हमले में आरोपित दिव्यांशु को पंजाब लाया जाएगा। इस समय आरोपित तिहाड़ जेल में बंद है। जानकारी के मुताबिक दिव्यांशु पर दिल्ली में जो भी मामले चल रहे थे, उनमें जमानत मिल गई है।

जिसके बाद उसे पंजाब की पटियाला जेल शिफ्ट करने के लिए मोहाली अदालत ने डिप्टी सुपरिटेंडेंट केंद्रीय जेल नंबर पांच तिहाड़ नई दिल्ली को अर्जी दी है। दिव्यांशु के खिलाफ मोहाली और अमृतसर में मामले दर्ज है। दिव्यांशु को तिहाड़ से पंजाब लाने के बाद पटियाला जेल में रखा जाएगा। हमले के मामले में पांच आरोपितों निशान सिंह, चढ़त सिंह, विकास कुमार, बलजिंदर सिंह और गुरपिंदर सिंह पिंदा को अदालत में पेश नहीं किया जा रहा।

## कोनेरू हंपी ने रचा इतिहास, फिडे महिलाओं के वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली बनी पहली भारतीय महिला



**नई दिल्ली।** कोनेरू हंपी ने इतिहास रच दिया। हंपी जॉर्जिया के बाटूमी में चल रहे फिडे महिला शतरंज वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला बनी। भारतीय ग्रैंडमास्टर ने क्वार्टर फाइनल में चीन की आई एम सांग यूजिन के खिलाफ ड्रॉ मुकाबला खेलकर अंतिम-4 में अपनी जगह पक्की की। अपनी रणनीतिक सोच और खेल पर नियंत्रण दर्शाते हुए हंपी ने ड्रॉ बाजी खेली। यूजिन ने ड्रॉ की मांग की, जिसने हंपी के ऐतिहासिक प्रगति दिखाई।

## सड़क से उछलकर घर की छत पर गिरी कार बगीचे में खेल रहे बच्चे को मारी जोरदार टक्कर



**नईदिल्ली, 21 जुलाई [एजेंसी]।**

जर्मनी के बोमटे नामक क्षेत्र में एक चौंकाने वाला हादसा हुआ है। एक कार अनियंत्रित होकर पहले एक गाड़ी से टकराई भी फिर झाड़ियों के बीच से एक बगीचे में जा घुसी। इस दौरान ट्रेम्पोलीन पर खेल रहे एक बच्चे को भी कार ने टक्कर मार दी। पुलिस के मुताबिक, टक्कर के बाद कार हवा में उछलते हुए पास की खलिहान की छत पर जा गिरी। यह छत जमीन से करीब 3 मीटर (10 फीट) की ऊंचाई पर थी।पुलिस ने बताया कि हादसे के समय कार में 42 साल का एक पुरुष था। उसके साथ उसकी पत्नी और तीन बच्चे भी कार में सवार थे। बताया जा रहा है कि महिला को गंभीर चोटें आई हैं। कार में सवार तीनों बच्चों को मामूली चोट आई है। ड्राइवर को भी हल्की चोट लगी है। ट्रेम्पोलीन पर खेल रहा बच्चा सबसे ज्यादा गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर आपात सेवाएं भेजी गईं।

दर्जनों फायरफाइटर, करीब एक दर्जन एंबुलेंस और दो रेस्क्यू हेलीकॉप्टर ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। छत पर फंसी कार को निकालने के लिए क्रेन का सहारा लिया गया। बचावकर्मी छत काटकर कार तक पहुंचे और कार को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। इसके साथ ही बगीजे में झूले और खेल की बाकी चीजें पूरी तरह बर्बाद हो गई।

## डीएफओ के घर में छापेमारी, बरामद हुए हथियार, नकद और 115 प्लॉट



**ओडिशा, 21 जुलाई [एजेंसी]।**

आय से अधिक संपत्ति (डीए) के मामले में व्यापक कार्रवाई करते हुए, ओडिशा सतर्कता विभाग ने रविवार को क्योंझर के केंदु लीफ डिवीजन के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) नित्यानंद नायक से जुड़े सात ठिकानों पर छापेमारी की। इस कार्रवाई में 115 ज़मीन के प्लॉट, 1.19 लाख रुपये नकद, एक लाइसेंसी बंदूक, धारदार हथियार, दुर्लभ लकड़ी और तीरंदाज़ी के उपकरण सहित संदिग्ध संपत्ति का एक बड़ा भंडार मिला।

सूत्रों ने बताया कि ज़ब्ती के पैमाने और प्रकृति ने सतर्कता विभाग की टीम को हैरान कर दिया है। अंगुल के जगन्नाथ विहार स्थित नायक के आलीशान आवास की तलाशी के दौरान, सतर्कता विभाग के अधिकारियों ने एक बन्दूक, एक तलवार, एक धनुष-बाण सेट, कई भाले और लकड़ी काटने के औज़ारों के साथ कीमती लकड़ी के टुकड़े ज़ब्त किए। जांचकर्ताओं को संदेह है कि ये सामग्रियाँ अवैध रूप से प्राप्त की गई होंगी या अवैध वन कार्यों के लिए इस्तेमाल की गई होंगी। एक सरकारी अधिकारी के घर में ऐसी वस्तुओं की मौजूदगी को बेहद अनियमित और संभावित रूप से गैरकानूनी माना जा रहा है। अंगुल स्थित 9,000 वर्ग फुट में फैली चार मंजिला इमारत, जांच के दायरे में आने वाली प्रमुख संपत्तियों में से एक है। परिसर से हथियारों और लकड़ी के अलावा 1.19 लाख रुपये की बेहिसाबी नकदी भी बरामद की गई है।

## भारत-नेपाल खुली सीमा बनी तस्करों और आतंकियों का सेफ जोन, पकड़े जा चुके कई विदेशी नागरिक



**श्रावस्ती।** पीलीभीत से महराजगंज जिले तक फैली लगभग 570 किलोमीटर खुली भारत-नेपाल सीमा तस्करों को रास आती है। यहां से आतंकियों और अराजकतत्वों को भी आसानी से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश मिलता रहा है। भारतीय क्षेत्र में अपराध करने के बाद आरोपित नेपाल में पनाह ले लेते हैं। सीमा के पगडंडी रास्ते विदेशी नागरिकों का प्रवेश आसान बना देते हैं। बहराइच से जुड़ी 95 किमी नेपाल की खुली सीमा दहशतगर्दों के लिए सुरक्षा कवच से कम नहीं रही हैं। सिमी (स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया) का मुख्यालय बहराइच में ही था। देश के विभिन्न स्थानों पर हुए आतंकी गतिविधियों में शामिल लोगों की बहराइच से गिरफ्तारी हो चुकी है। इसमे हिजबुल, आईएसआई , सिमी, इंडियन मुजाहिद्दीन, अलकायदा, लश्कर-ए-तैएबा जैसे संगठन से जुड़े आतंकी शामिल हैं। 12 अगस्त 2008 को पाकिस्तान के कराची निवासी आईएसआई एजेंट व पाक जासूस मशरूर उर्फ रमेश चौधरी को रुपईडीहा स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया।

## वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर भूस्खलन से 4 यात्री घायल, कई लोग फंसे, रेस्क्यू जारी



**जम्मू, 21 जुलाई [एजेंसी]।**

माता वैष्णो देवी जाने वाले मार्ग पर सोमवार को भूस्खलन हो गया, जिसमें चार यात्रियों घायल हो गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले पुराने मार्ग पर भूस्खलन हुआ, जिससे कम से कम चार तीर्थयात्री घायल हो गए।उन्होंने बताया कि त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित तीर्थयात्रियों के आधार शिविर कटरा शहर में भारी बारिश के कारण भूस्खलन हुआ। यह घटना सुबह करीब 8.50 बजे बाणगंगा के पास गुलशन का लंगर में हुई, जो यात्रा का प्रारंभिक बिंदु है और जहां ज्यादातर टट्टू सवार पुराने मार्ग पर इकट्ठा होते हैं। अधिकारियों ने बताया कि तुरंत बचाव अभियान शुरू किया गया और चार फंसे हुए तीर्थयात्रियों को बचाकर अस्पताल पहुंचाया गया। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक बचाव अभियान जारी था।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## हिमाचल में भारी बारिश का कहर, चंबा में बादल फटा घर पर पत्थर गिरने से नवविवाहित जोड़े की मौत



**चंबा, 21 जुलाई [एजेंसी]।**

हिमाचल के चंबा जिला के विकास खंड मैहला की ग्राम पंचायत चड़ी के सूताह गांव में रविवार रात भारी बारिश ने कहर बरपाया। बारिश के चलते हुए भूस्खलन और चट्टानों के गिरने से एक मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गया, जिसमें नवविवाहित पति-पत्नी दब गए।मलबे से महिला का शव तो निकाल लिया गया है, लेकिन उसका पति अब भी मलबे में दबा हुआ है। जिस महिला का शव मिला है, उसका नाम पल्लवी है वहीं, उसका पति राहुल गांव कियानी अभी लापता है। ग्रामीणों और प्रशासन की टीम द्वारा रेस्क्यू कार्य जारी है। यह दर्दनाक हादसा उस समय हुआ जब नवविवाहिता महिला अपने पति के साथ अपने मायके आई हुई थी। बताया जा रहा है कि इन दोनों की शादी इसी वर्ष फरवरी माह में चंबा के कियानी गांव में हुई थी। कल रात को भारी बारिश के कारण गांव के ऊपरी हिस्से से भारी भूस्खलन हुआ, जिसमें विशालकाय चट्टानें खिसककर मकान पर आ गिरीं। मकान इतनी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ कि वह पूरी तरह जमींदोज हो गया। हादसे के समय पति-पत्नी परिवार के अन्य सदस्यों से अलग, पास में ही एक नए मकान में सोए हुए थे। पुराने मकान में सो रहे अन्य परिजन बाल-बाल बच गए, लेकिन ये नवविवाहित जोड़ा मलबे में दब गया। ग्रामीणों ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया, जिसमें महिला का शव निकाल लिया गया है, जबकि पुरुष की तलाश जारी है। घटनास्थल पर पहुंची प्रशासनिक टीम हालात का जायजा ले रही है। चट्टानों के भारी होने और दुर्गम क्षेत्र होने के कारण राहत कार्य में कठिनाई आ रही है, लेकिन प्रशासन और ग्रामीणों की मदद से मलबे को हटाने का प्रयास तेजी से जारी है।

### हरियाणा में नेवी के रिटायर अफसर को किया डिजिटल अरेस्ट

## 24 घंटे तक डराया-धमकाया 6 लाख रुपये भी ठगे



**यमुनानगर।** हरियाणा के यमुनानगर जिले में नेवी से सेवानिवृत्त हो चुके जगाधरी के लोहरान मुहल्ला निवासी धर्मपाल को साइबर ठग ने डिजिटल अरेस्ट कर लिया। उनके खाते में ठगी के रुपये आने का डर दिखाया गया। 24 घंटे तक उन्हें डिजिटल अरेस्ट रख उनसे छह लाख रुपये ठगे गए। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, धर्मपाल के पास सात जुलाई को अनजान नंबर से वीडियो कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई पुलिस से बताया और कहा कि आपके खाते में ठगी की रकम आई है। आपके विरुद्ध वारंट जारी हुआ है। वीडियो कॉल में पीछे मुंबई पुलिस का लोगो भी लगा था।

धर्मपाल ने कहा कि उन्होंने किसी को अपना खाता नंबर नहीं दिया है, लेकिन ठग ने उन्हें गिरफ्तारी का डर दिखाया। उन्हें कहा गया कि वह अपने मोबाइल को बंद न रखें। यदि मोबाइल बंद किया या वीडियो कॉल ऑफ की तो तुरंत स्थानीय पुलिस के माध्यम से गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने नगर पालिक निगम कोरबा अंतर्गत लगभग 30 करोड़ की लागत के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

## चार करोड़ 60 लाख राशि के 19 विभिन्न विकास कार्यों लोकार्पण एवं 24 करोड़ 76 लाख़ राशि के 74 कार्यों का किया भूमिपूजन

**कोरबा ।** उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने आज कोरबा जिले के प्रवास के दौरान कोरबा नगर वासियों को लगभग 30 करोड़ लागत की 93 विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। श्री साव ने नगर पालिक निगम कोरबा अंतर्गत किए जा रहे 93 विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन और शिलान्यास किया। इन विकास कार्यों में चार करोड़ 60 लाख 61 हजार राशि के 19 कार्यों का लोकार्पण एवं 24 करोड़ 76 लाख एक हजार राशि की 76 कार्यों का भूमिपूजन/शिलान्यास शामिल हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री साव द्वारा किए जाने वाली 19 लोकार्पण कार्यों में एक करोड़ 16 लाख की लागत से निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न वार्डों में प्रकाश व्यवस्था कार्य, 74 लाख 43 हजार की लागत से वार्ड क्रमांक 60 अंतर्गत राताखार चौक से प्रगतिनगर होते हुए दर्री बांध तक प्रकाश व्यवस्था कार्य, 41 लाख 16 हजार रूपये की लागत से नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत अटल परिसर का निर्माण, 23 लाख 18 लाख रूपये की लागत से वार्ड क्रमांक 15 अंतर्गत ढोढ़ीपारा में एसएलआरएम सेन्टर का निर्माण, 25 लाख रूपये की लागत से वार्ड क्रमांक 47 न्यू शांतिनगर बस्ती में सी0सी0 रोड व नाली निर्माण, 20 लाख 16 हजार की लागत से वार्ड क्रमांक 33 मानिकपुर में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला भिलाईखुर्द क्रमांक 01 में नवीन शाला भवन,





22 लाख 50 हजार की लागत से वार्ड क्रमांक 18 में सामुदायिक भवन निर्माण, 19 लाख 70 हजार की लागत से वार्ड क्रमांक 18 भवानी मंदिर दर्री डेम के निकट सामुदायिक भवन निर्माण, 18 लाख 48 हजार की लागत से वार्ड क्रमांक 30 अन्तर्गत हाई स्कूल जे.पी. कालोनी में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण सहित 10 –10 लाख रूपये लागत की 9 अन्य कार्य शामिल हैं।

भूमि पूजन के कार्यों के अंतर्गत नगर पालिका निगम कोरबा में डीएमएफ, 15 वें वित्त सहित अन्य मदों से 24 करोड़ 76 लाख एक हजार लागत के 74 कार्यों का भूमि पूजन/शिलान्यास किया गया। इनमें एक करोड़ 99 लाख 58 हजार की लागत से बरबसपुर सीबीजी प्लांट हेतु नवीन प्रस्तावित स्थल पर प्रीकास्ट बाउंड्रीवाल तथा ब्रिकवर्क बाउंड्रीवाल, एंट्रीगेट एवं मिट्टी फिलिंग का कार्य, 01 करोड़ 30 लाख की लागत से नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत सर्वमंगला नगर जोन अंतर्गत 10 नवीन आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य, एक करोड़ 56 लाख की लागत से परिवहन नगर जोन अंतर्गत 12 नवीन आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य, एक करोड़ 82 लाख की लागत से दर्री जोन भाग एक अंतर्गत 14 नवीन आंगनबाड़ी भवन का निर्माण, एक करोड़ 82 लाख की लागत से दर्री जोन भाग दो अंतर्गत 14 नवीन आंगनबाड़ी भवन का निर्माण, एक करोड़ 04 लाख की लागत से बालको जोन अंतर्गत 8 आंगनबाड़ी भवन का निर्माण, एक करोड़ 69 लाख की लागत से कोसाबाड़ी जोन में 13 आंगनबाड़ी भवन का निर्माण, एक करोड़ 95 लाख रूपये की लागत से कोरबा जोन में 15 आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य सहित 66 अन्य कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर शहर विधायक एवं उद्योग, वाणिज्य और श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, सभापति श्री नूतन सिंह ठाकूर, कलेक्टर श्री अजीत वसंत, एसपी श्री सिद्दार्थ तिवारी सहित वार्ड पार्षद अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी और आम नागरिक उपस्थित थे।

# सावन क्वीन बनीं डॉ. पूजा, पावर इंपेरिया फ्रेंड्स ग्रुप ने मनाया उत्सव



**कोरबा।** सावन के पवित्र माह में शनिवार को पावर इंपेरिया फ्रेंड्स ग्रुप की महिलाओं ने भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। डांस प्रतियोगिता, गेम्स और मनोरंजन से भरपूर इस कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सावन क्वीन की रेस में डॉ. पूजा ने सभी को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। डॉ पूजा ने अपने टैलेंट से साबित कर दिया कि उनके जैसा कोई नहीं। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में झूमकर सावन के गीतों पर थिरकते हुए वातावरण को उल्लासपूर्ण बना दिया।प्रतियोगिता के बाद सावन क्वीन चुनने की प्रक्रिया ने कार्यक्रम में नई जान डाल दी। दूसरे स्थान पर श्रीमती रेखा सिंह रहीं, जबकि तीसरे, चौथे व पांचवें स्थान पर प्रीति झा, भव्या वर्मा और सोनल जेठालाल रहीं।कार्यक्रम में राष्ट्रपति पुरस्कार से अलंकृत प्राप्त कल्पना मिश्रा, डॉ. ज्योति श्रीवास्तव, तारा सोनी, रेनू यादव समेत कई महिलाओं ने भाग लिया।सभी प्रतिभागियों ने सावन के रंगों और उमंगों से कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। कुल मिलाकर यह शाम महिलाओं की प्रतिभा, ऊर्जा और सौंदर्य का उत्सव बन गई। फ्रेंड्स ग्रुप में सुनिश्चित किया कि हम और भी रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन करने के साथ अपनी प्रतिभा को नवीन ऊर्जा देंगे और समाज को एक अच्छा संदेश भी देने की कोशिश करेंगे।

### भाजपा प्रदेश लोकसभा प्रभारी ने उपमुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्री को सौंपा पत्र

**कोरबा।** भाजपा प्रदेश लोकसभा प्रभारी मोदी मित्र मो. न्याज नूर आरबी ने उपमुख्यमंत्री सह कोरबा जिला प्रभारी मंत्री अरुण साव और कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन को कोरबा जिले में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितता का आरोप लगा उक्त मुद्दों पर एक मार्मिक पत्र सौंपा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि कोरबा जिला आकांक्षी जिलों में शामिल होने के कारण यहां पर विकास की अति आवश्यकता है, लेकिन जिले के अधिकारी और कर्मचारी पिछली भ्रष्टाचारी राज्य सरकार वाली मानसिकता के साथ कार्य करते हुए अपनी जेब भर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार के मुद्दे उठाए हैं, जिसमें उन्होंने कहा है कि जिले के दर्जनों ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास पैसा मिल जाने के बाद भी पूरे नहीं हो पा रहे हैं।

# इस शहर को भी अपना घर समझे और स्वच्छ रखे: अरुण साव



**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि व विधायी कार्य, तथा नगरीय प्रशासन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरुण साव और उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने आज नगर पालिक निगम कोरबा अंतर्गत लगभग 30 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। जिसमें भूमिपूजन के 74 कार्य राशि 24 करोड़ 76 लाख और लोकार्पण के 19 कार्य राशि चार करोड़ 60 लाख रूपये शामिल है। उन्होंने विवेकानंद उद्यान के सामने अटल परिसर का लोकार्पण किया। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने अटल परिसर में स्व श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, सभापति श्री नूतन सिंह ठाकूर, कलेक्टर श्री अजीत वसंत, एसपी श्री सिद्दार्थ तिवारी सहित वार्ड पार्षद अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी और आम नागरिक उपस्थित थे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि यह गौरव की बात है कि अब प्रदेश के नगरीय निकायों को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त होने लगा है। कोरबा नगर पालिक निगम को भी स्वच्छता के लिए पुरुस्कार मिलना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि कोरबा में तेज गति से स्वच्छता का काम हो रहा है। आने वाले समय में कोरबा नम्बर वन पर रहे, इसके लिए आमजनों का सहयोग जरूरी है। प्रभारी मंत्री श्री साव ने कहा कि जिस तरह हर व्यक्ति अपने घर को स्वच्छ रखता है। उसी तरह शहर को भी अपना घर समझे और स्वच्छ रखे। कोरबा शहर साफ सुथरा हो, इसके लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ियों का मान सम्मान करते हुए अलग राज्य बनाया। आज उनकी वजह से ही यह छत्तीसगढ़ विकास की राह में लगातार आगे बढ़ रहा है। अटल जी के देश के विकास में योगदान को याद करने के लिए प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर का निर्माण कर प्रतिमा स्थापित की जा रही है। श्री साव ने कहा कि कोरबा ऊर्जाधानी है और यहाँ के लोगों में ऊर्जा बनी रहे इस दिशा में कार्य करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में विकास के लिए राशि उपलब्ध कराई जा रही है। अकेले कोरबा नगर निगम को 280 करोड़ की राशि विकास कार्यों के लिए दी गई है। उन्होंने कहा कि कोरबा जिले में जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) की राशि से भी विकास के कार्य कराए जा रहे हैं। प्रभारी मंत्री श्री साव ने कहा कि प्रदेश की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महतारी वन्दन योजना प्रारंभ की गई है। इससे प्रदेश की 70 लाख महिलाओं के खाते में हर माह 5 तारीख को राशि पहुँच जाती है। उन्होंने कोरबावासियों से कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी चाहते हैं कि सभी शहर स्वच्छ रहे और वे इस पर नजर बनाए रहते हैं, इसलिए कोरबा को स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने एसईसीएल गेवरा क्षेत्र द्वारा सीएसआर से मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों की सुविधा के लिए 3 बस, एक सेक्शन मशीन, एक ई-वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कार्यक्रम में 5 हितग्राहियों को पीएम आवास की चाबी, 5 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र का वितरण किया। कार्यक्रम में नगर निगम कोरबा द्वारा स्वच्छता रैंकिंग में आठवां स्थान प्राप्त करने पर मंत्री का शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उद्योग,वाणिज्य और श्रम मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव् साय और उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कोरबा के विकास के लिए पर्याप्त राशि प्रदान की है। इसके अलावा डीएमएफ और अन्य मद से भी कोरबा को विभिन्न कार्य के लिए राशि दी गई है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जिले से प्राप्त राशि को जिले में ही खर्च करने की व्यवस्था प्रदान की है। इससे कोरबा में लगातार विकास के कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा जनता के पैसों को जनता के लिए ही खर्च किया जा रहा है। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि आने वाले समय में कोरबा शहर के सभी वार्ड में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने प्रदेश की उद्योग नीति को राज्य के बेरोजगारों के लिए बेहतर बताते हुए इससे लाभ मिलने की बात कही और बताया कि उद्योग के लिए राज्य में बड़ी राशि का निवेश हुआ है। उन्होंने राज्य में बहुत कम समय में ही मोदी की गारंटी पूरा होने की बात कहते हुए प्रदेश के किसानों, गरीबो और महिलाओं को इससे लाभ होने की जानकारी दी। मंत्री श्री देवांगन ने शहर के सभी 67 वार्डों में समग्र विकास कार्य कराने के लिए संकल्पित होने की बात कही और स्वच्छता के मामले में देश की रैंकिंग में नम्बर वन बनाने की दिशा में कार्य करने और आमनागरिको से भी इसके लिए सहयोग की अपील की। उन्होंने अटल परिसर के निर्माण और पूर्व प्रधानमंत्री स्व श्री अटल बिहारी वाजपेयी के प्रतिमा के अनावरण होने पर इसे कोरबा के लिए गौरव बताया।महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव, और उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में कोरबा नगर निगम में विकास के कार्य लगातार कराए जा रहे हैं। निगम को विकास कार्य के लिए पर्याप्त राशि मुहैया कराई जा रही है।

# उप मुख्यमंत्री ने किया एमजेएम हास्पिटल का शुभारंभ



**कोरबा।** शहर और जिले की जनता को अपना 'एम्स' जैसा पहला किफायती और हाईटेक हॉस्पिटल मीना जैन मेमोरियल (एमजेएम) हॉस्पिटल मिल गया है। एमजेएम हॉस्पिटल का रविवार को भव्य उद्घाटन गुरुमाता 105 आर्यिका अखंडमती एवं अभेदमती माता के पावन सान्निध्य में, मुख्य अतिथि अरुण साव (उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन) ने किया। समारोह की अध्यक्षता लखनलाल देवांगन (वाणिज्य एवं उद्योग, श्रम मंत्री) ने की। विशिष्ट अतिथि श्रीमती संजू देवी राजपूत (महापौर, नगर पालिक निगम, कोरबा) रहीं।नया बस स्टैंड, विशाल मेगामार्ट के सामने स्थित हॉस्पिटल के उद्घाटन अवसर पर अतिथियों का पुष्पगुच्छ व स्मृतिचिह्न देकर सम्मान किया गया।फीता काटकर शुभारंभ के उपरांत उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि यह दिन कोरबा के लिए ऐतिहासिक और यादगार है। डॉ. प्रदीप जैन, डॉ. प्रिंस जैन और डॉ. आकांक्षा जैन जैसे नाम ऐसे हैं, जिन्होंने कोरोना काल में जान की परवाह किए बिना रात-रात भर मरीजों की सेवा की। नर सेवा ही नारायण सेवा है — इस भावना को जीते हुए, उन्होंने अपनी माता मीना जैन की स्मृति में यह सर्वसुविधायुक्त अस्पताल जनसेवा हेतु समर्पित किया है।श्री साव ने कहा कि मां के प्रति इससे बड़ा सम्मान और क्या हो सकता है कि बेटा हजारों-लाखों लोगों की सेवा का बीड़ा उठाकर ऐसा अस्पताल खोले। हमारी सरकार बनने के बाद कोरबा के विधायक लखनलाल देवांगन सेवा भाव से काम कर रहे हैं। कोरोना काल में डॉक्टरों ने जो सेवा दी, उसे देखते हुए सरकार ने अस्पतालों को उद्योग का दर्जा दिया ताकि उन्हें सरकारी सुविधाएं और रियायतें मिल सकें। डॉ. जैन परिवार को शुभकामनाएं देते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि माता सर्वमंगला का आशीर्वाद इस अस्पताल और परिवार पर बना रहे और यह जनसेवा का मिशन आगे बढ़ाता रहे।इस अवसर पर प्रमुख रूप से कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, व चिकित्सा क्षेत्र से डॉ. प्रदीप जैन, डॉ. प्रिंस जैन, डॉ. आकांक्षा जैन, डॉ. निखिल जैन, डॉ. शेफाली जैन सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।किफायती दर पर उपचार और दवा की सुविधाउद्घाटन के पश्चात उपमुख्यमंत्री अरुण साव व अन्य अतिथियों ने अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्हें बताया गया कि यहां मरीजों को मेडिकल में 10त्न, आईपीडी में 10त्न तक की छूट के साथ स्पेशल ट्रीटमेंट और फुल बॉडी चेकअप की सुविधा दी जाएगी।गुणवत्तापूर्ण इलाज, खर्च में राहतडॉ. प्रिंस जैन ने बताया कि मीना जैन मेमोरियल (एमजेएम) हॉस्पिटल उनका सपना रहा है – एक ऐसा अस्पताल जहां इलाज की गुणवत्ता हो और आम आदमी को खर्च में राहत भी मिले। यह मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल कोरबा का सबसे भरोसेमंद और किफायती अस्पताल बनने जा रहा है।हाईटेक पैथोलॉजी लैब और आधुनिक मशीनेंडॉ. प्रिंस जैन ने बताया कि एमजेएम हॉस्पिटल की खासियत यह है कि रायपुर जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं अब कोरबा में आधे से भी कम खर्च में मिलेंगी।



### शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर उद्योग मंत्री ने दी सहायता राशि चेक

**कोरबा।** जिले के दर्री थाना क्षेत्र के कलमीडुग्गु, प्रगतिनगर के 10 लोगों की फरवरी में कुम्भ यात्रा के दौरान सड़क हादसे में दु:खद निधन हो गया था। घटना के बाद नगर विधायक, वाणिज्य, उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन सभी शोकाकुल परिवार के निवास पर पहुंच कर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतृप्त परिवार जनों को सवेक्छानुदान मद से सभी 10 मृतकों के परिवार जनों को 1-1 लाख रूपए की सहायता राशि देने की घोषणा की थी। रविवार को उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने कोहड़िया, कोरबा निवास कार्यालय में सभी 10 परिवार को एक एक लाख के चेक का वितरण किया। इस अवसर पर वार्ड की पार्षद श्रीमती राधा महंत, पार्षद मुकुंद सिंह कंवर भी उपस्थित रहे।

## रेलवे महिला मंडल ने मनाया सावन उत्सव

**कोरबा।** रेलवे महिला मंडल ने कल कोरबा जिले के 4 सीजन होटल में सावन उत्सव का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां शामिल हुईं। यह उत्सव मुख्य रूप से महिलाओं द्वारा मनाया जाता है और इसे हरियाली (हरियाली) और खुशी का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर महिलाओं ने रंगम कार्यक्रम और सावन से जुड़ी कई प्रोग्राम पेश किए। उन्होंने झूला झूलने का भी आनंद लिया, जो सावन उत्सव का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

महिलाओं ने अपनी संस्कृति और परंपरा को बनाए रखने के लिए इस उत्सव में भाग लिया।कार्यक्रम में सरिता राठौड़, मंजू साहू, किरण बघेल, पुष्पा कहरा, प्रतिभा ममता, नीलिमा अंजुली, प्रेमलता, लता, अनुराधा साहू,रश्मि राठौर,नीलू साहू,ममता योगेश,परितोष,रानू कश्यप,सुनीता सिंह, अंजलि राठौर सहित कई अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।रेलवे महिला मंडल की सदस्य ममता राठौर ने बताया कि इस उत्सव का उद्देश्य महिलाओं को एक मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी संस्कृति और परंपरा को साझा कर सकें। उन्होंने बताया कि इस उत्सव में शामिल होने वाली महिलाओं को सावन क्वींस का खिताब दिया जाता है, जो उनकी संस्कृति और परंपरा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।इस वर्ष के सावन क्वींस का खिताब अनुराधा माहौर को दिया गया, जबकि दीप्ति साहू और कविता भाग्यशाली को सावन क्वींस का खिताब दिया गया। यह खिताब उन्हें उनकी संस्कृति और परंपरा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए दिया गया।सावन उत्सव का आयोजन रेलवे महिला मंडल द्वारा हर साल किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां शामिल होती हैं। यह उत्सव महिलाओं को एक मंच प्रदान करता है, जहां वे अपनी संस्कृति और परंपरा को साझा कर सकती हैं और अपनी प्रतिबद्धता को दर्शा सकती हैं।इस उत्सव के आयोजन से महिलाओं को अपनी संस्कृति और परंपरा को बनाए रखने का अवसर मिलता है और वे अपनी प्रतिबद्धता को दर्शा सकती हैं। यह उत्सव महिलाओं के बीच एकता और सौहार्द को बढ़ावा देता है और उन्हें एक मंच प्रदान करता है, जहां वे अपनी संस्कृति और परंपरा को साझा कर सकती हैं।

## इंडस स्कूल दीपका के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण हेतु ले जाया गया सीपेट कोरबा



**कोरबा।** शैक्षणिक भ्रमण का विद्यालय में बहुत महत्व है। यह छात्रों को कक्षा से बाहर जाकर वास्तविक दुनिया से जुड़ने और विभिन्न विषयों को व्यावहारिक रूप से सीखने का अवसर प्रदान करता है। शैक्षणिक भ्रमण छात्रों के ज्ञान, कौशल और दृष्टिकोण को विकसित करने में मदद करते हैं, जिससे उनकी समग्र शिक्षा में सुधार होता है। छात्र कक्षा में सीखी गई बातों को वास्तविक दुनिया में लागू करना सीखते हैं। उदाहरण के लिए, इतिहास के छात्र किसी ऐतिहासिक स्थल का दौरा करके उस समय के बारे में अधिक जान सकते हैं, या विज्ञान के छात्र किसी संग्रहालय या वैज्ञानिक संस्थान में जाकर वैज्ञानिक अवधारणाओं को समझ सकते हैं। शैक्षणिक भ्रमण छात्रों को विभिन्न प्रकार के कौशल विकसित करने में मदद करते हैं, जैसे कि समस्या-समाधान, टीम वर्क, संचार और आलोचनात्मक सोच।शैक्षणिक भ्रमण छात्रों को नए विषयों और क्षेत्रों में रुचि लेने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। यह छात्रों को भविष्य में अपने करियर और रुचियों के बारे में अधिक जानने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है। छात्रों को अपने सहपाठियों और शिक्षकों के साथ मजबूत संबंध बनाने में मदद करते हैं। यह छात्रों को एक टीम के रूप में काम करने और एक-दूसरे का समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित करता है। शैक्षणिक भ्रमण छात्रों को आजीवन यादें बनाने का अवसर प्रदान करते हैं। ये यात्राएं छात्रों को नए दोस्त बनाने, अपने सहपाठियों के साथ संबंध बनाने और ऐसी यादें बनाने का अवसर प्रदान करती हैं जो जीवन भर उनके साथ रहेंगी। शैक्षणिक भ्रमण छात्रों के लिए एक मूल्यवान अनुभव हो सकता है, जो उनके सीखने, विकास और समग्र शिक्षा में सुधार कर सकता है।इंडस पब्लिक स्कूल दीपका के कक्षा 10 वीं, 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को सिपेट कोरबा शैक्षणिक भ्रमण हेतु ले जाया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों के साथ भौतिक विज्ञान शिक्षक नरेंद्र कौशिक उत्कर्ष सर एवं खेल प्रशिक्षिका सुश्री शिप्रा मैडम साथ में थीं। सभी विद्यार्थियों को सिपेट कोरबा में उपलब्ध सभी कोर्सों की जानकारी दी गई साथ ही पेट्रोल रसायन इंजीनियरिंग के क्षेत्र में करियर पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

विद्यार्थियों की प्रत्येक जिज्ञासाओं का समाधान डॉक्टर दिवेश मेश्राम एवं रजनीश पांडे ने किया।सभी विद्यार्थियों को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सीपेट में कैरियर एवं संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दे गई। प्लास्टिक इंडस्ट्री का हमारे दैनिक जीवन में कितना योगदान है

## कांग्रेस कार्यालय के सामने ईडी व केन्द्र सरकार का किया गया पुतला दहन



**कोरबा ।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा के नेतृत्व में ईडी और केन्द्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस कार्यालय के सामने कांग्रेसजनों द्वारा प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया।

जिला कांग्रेस कार्यालय के सामने कोरबा के कांग्रेसजनों ने केन्द्र सरकार एवं ईडी के खिलाफ नारे लगाते हुए आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार के इसारे पर ईडी के द्वारा कांग्रेस नेताओं को बार-बार परेशान किया जा रहा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थूलाल यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार अडानी को छत्तीसगढ़ प्रदेश के जल जंगल व जमीन बेच देना चाहती है जिसे बचाने के लिए कोग्रेस नेताओं के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर विरोध जता रहे हैं। पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि केन्द्र सरकार प्री प्लानिंग के तहत काम कर रही है।

जिस-जिस प्रदेश में अडानी और केन्द्र सरकार का विरोध होता है तो यहां के विपक्षी नेताओं को ईडी, सीबीआई आदि एजेन्सियों के द्वारा जबरन फंसाया जा रहा है।

कोरबा निगम नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बदले की भावना से कार्यवाही कर रही है। इसी प्रकार कोरबा में नगर निगम में भेद-भाव किया जा रहा है। निगम के 22 वार्डों में विकास कार्यों में भेद भाव किया जा रहा है। महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी ने कहा कि जल जंगल व जमीन छत्तीसगढ़ की धरोहर है और इसे बचाने के लिए हमारे कांगेस नेता उग्र प्रदर्शन व विरोध कर रहे हैं। इसीलिए केन्द्र सरकार के इशारे पर ईडी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री को बार-बार परेशान किया जा रहा है। कुछ दिनों पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जन्मदिन के दिन ईडी ने छापा मारा और अभी उनके पुत्र के जन्मदिवस के दिन ईडी के द्वारा छापा मारा गया। यह सब किसी संयोग के तहत नहीं वरन जानबूझकर साजिश के तहत की गई कार्यवाही है।

उक्त प्रदर्शन के दौरान प्रदेश कांग्रेस सचिव बी.एन. सिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, कोरबा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संतोष राठौर, कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गजानंद साहू, कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष एवं पार्षद नारायण कुर्रे, सन्तोष यादव, रवि खूंटे, इंटक पदाधिकारी मनहरण राठौर, पूर्व पार्षद रामगोपाल यादव आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संगीता श्रीवास, गोपाल यादव, कमलेश गर्ग, विवेक श्रीवास, अमित सिंह, आकाश प्रजापति, अजीत बर्मन, भुनेश्वर साहू, विजय आदिले, मिनकेत गभेल आदि उपस्थित थे।



## सड़क पर भरा पानी, वाहन चलने पर पड़ते हैं छींटे

**जांजगीर।** सिंचाई विभाग ने नहर पर तीन माह पहले करीब एक करोड़ रुपए खर्च कर डामरीकरण किया। इससे नई सड़क बनाई गई, लेकिन सड़क पर पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई। अब सड़क पर जगह-जगह पानी भर रहा है। नहर पार सब स्टेशन जाने वाले मार्ग पर कोचिंग के पास बारिश होते ही जलभराव हो रहा है। वाहन गुजरते ही पानी के छींटे पैदल और बाइक सवारों पर पड़ रहे हैं। लगातार जलभराव से सड़क की डामर परत उखड़ने लगी है। जल्द ही सड़क खराब होने का खतरा है।

# मनीलॉड्रिंग में ईडी की कार्यवाही,जलाया पुतला

**सक्ती।** जल, जंगल और जमीन की रक्षा के नाम पर सत्ता में आई भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ के जंगलों को कंपनी को सौंप दिया है। यह आरोप कांग्रेस पार्टी ने लगाया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस ने इस फैसले का कड़ा विरोध किया है। विधानसभा सत्र के दौरान इस मुद्दे पर बहस होनी थी, लेकिन कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि ध्यान भटकाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र चैतन्य बघेल को झूठे मामले में गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के निर्देश पर पूरे छत्तीसगढ़ में जिला मुख्यालयों पर ईडी का पुतला दहन किया गया।

सक्ती में जिला कांग्रेस कमेटी ने स्थानीय कचहरी चौक में प्रदर्शन कर ईडी का पुतला जलाया। इस दौरान अनुसूचित जाति कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष 'राइस किंग' खूंटे, जिला कांग्रेस अध्यक्ष त्रिलोक चंद जायसवाल और नगर अध्यक्ष दिगंबर चौबे ने ईडी की कार्रवाई को राजनीतिक द्वेष की भावना से प्रेरित बताया और कड़ी निंदा की। प्रमुख रूप से साधेश्वर गवेल, महबूब खान, वंशी खांडे, गिरधर जायसवाल, पिंटू ठाकुर, प्रदीप राठौर, राकेश



महंत, लालू प्रधान, विजय बहादुर, डॉ. टीकाराम कुर्रे सहित अनेक नेता उपस्थित रहे।

## जमीन बिक्री के नाम पर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर।** बलौदा पुलिस को जमीन बिक्री के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अजय खुंटे(31) निवासी ग्राम कुरमा कर रहने वाला है। मामले में पहले ही पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

बलौदा थाने में 12 नवंबर 2024 को लता कुर्रे ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया कि शंकरलाल खुंटे और उसके साथियों ने ग्राम कुरमा स्थित एक विवादित भूमि, जो पहले से ही बैंक में बंधक थी, को बेचने का झांसा देकर शपथ पत्र के माध्यम से जमीन सौदे की बात तय की थी। इस दौरान आरोपियों ने आवेदिका से 4,50,000 अग्रिम राशि के तौर पर लिए, लेकिन न जमीन की रजिस्ट्री की और न रकम लौटाई।

जब पीड़िता ने पैसे लौटाने की मांग की, तो उसे गाली-गलौज और धमकी दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं मुख्य आरोपी अजय खुंटे फरार था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अजय को उसके ठिकाने से गिरफ्तार किया गया।

## शराब की पूर्ति नहीं करने पर हमला करने वाला गिरफ्तार



**जांजगीर-चांपा।** जिले के चांपा थाना क्षेत्र में एक नशेड़ी युवक ने शराब के लिए पैसे न मिलने पर फावड़े से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी को कुछ घंटों में ही गिरफ्तार कर लिया।

घटना चांपा के ग्राम हथनेवरा की है। आरोपी अमृतलाल पटेल अक्सर लोगों से शराब पीने के लिए पैसे मांगता था। मना करने पर विवाद करता था। 19 जुलाई 2025 को दोपहर करीब 3 बजे उसने गांव के नरेश कुमार पटेल से शराब के लिए पैसे मांगे। मना करने पर उसने लोहे के फावड़े से हमला कर दिया।

**आरोपी के गांव से हुई गिरफ्तारी**

पीड़ित की शिकायत पर चांपा थाने में एफआईआर दर्ज की गई। थाना प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। 33 वर्षीय आरोपी को उसके गांव से गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि शराब के लिए पैसे नहीं मिलने से गुस्सा आ गया था। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल किया गया फावड़ा भी बरामद कर लिया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

# मतदान क्यों जरूरी, समझाया नाटक से



**बिर्रा।** शासकीय डीडीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में स्वीप कार्यक्रम के तहत इको क्लब के बच्चों ने चुनाव प्रक्रिया पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने मतदान की पूरी प्रक्रिया को मंच पर जीवंत किया। नाटक में चुनाव प्रचार, मतदान दल का गठन, पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति, मतदान केंद्र की प्रक्रिया और वोटिंग मशीन से मतदान तक की सभी गतिविधियां शामिल रहीं।

बच्चों ने मतदान केंद्र पर पहुंचने से लेकर वोट डालने तक की हर प्रक्रिया को बारीकी से दिखाया। पहले बच्चों ने मतदान अधिकारी को अपना नाम बताया। फिर मतदान दल क्रमांक 2 ने नाम पुकारा और दाहिने हाथ की तर्जनी अंगुली पर अमिट स्याही लगाई। इसके बाद बच्चों को वोटिंग मशीन तक भेजा गया। इस प्रस्तुति से विद्यार्थियों को चुनाव की जानकारी मिली और भविष्य में मतदाता जागरूकता अभियान को बल मिलेगा। कक्षा 11वीं के छात्रों ने रंगोली और पोस्टर के माध्यम से भी मतदान के प्रति जागरूकता फैलाई। कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम अभियान भी चलाया गया।

इस मौके पर जनपद पंचायत सदस्य रितेश रमणसिंह सिंह, सरपंच पीलीबाई एकादशियां साहू, प्रभारी प्राचार्य राकेश साहू, व्याख्याता देवनारायण चौहान, सुशील नेताम, लक्ष्मी खुंटे, संगीता कश्यप और कुंभकार मौजूद रहीं। जनपद सदस्य रितेश रमणसिंह सिंह ने कहा कि बच्चों में पढ़ाई के साथ कला की भी कोई कमी नहीं है। शिक्षकों ने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ चुनाव संबंधी कार्यक्रम तैयार करने के लिए प्रेरित किया। नोडल अधिकारी व्याख्याता लक्ष्मी खुंटे ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों को गुणवत्ता शिक्षा के साथ चुनाव प्रक्रिया की जानकारी मिलती है।

## छग न्यायिक कर्मचारी संघ के रामरतन अध्यक्ष

**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ, जिला शाखा जांजगीर-चांपा में 19 जुलाई को रामरतन बरेठ को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। उनके निर्विरोध चयन पर संघ परिवार और न्यायालयीन समुदाय में उत्साह का माहौल है। प्रांतीय अध्यक्ष सहित प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों और न्यायिक कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी और उनके नेतृत्व में संगठन के सशक्त होने की उम्मीद जताई।

रामरतन बरेठ न्यायिक सेवा में लंबे समय से कार्यरत हैं। उनकी छवि एक निष्कलंक, कर्मठ और संगठनप्रिय नेता की रही है। वे कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हैं और समाधान के लिए निरंतर प्रयास करते हैं। अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने सभी सदस्यों, वरिष्ठजनों और सहयोगियों का आभार जताया।

## पौधरोपण करने का संकल्प लिया

**अकलतरा।** ऋषभ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बनाहिल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में ग्राम बनाहिल के सरपंच अजय कुमार कैवर्त ने कहा कि यह अभियान माताओं के सम्मान और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है। एक पेड़ लगाकर हम माँ के पोषण और सुरक्षा के भाव को प्रकृति से जोड़ते हैं। संस्थान के संचालक डॉ. जेके जैन ने कहा कि यह पहल मातृभूमि और प्रकृति के प्रति सम्मान और समर्पण को दर्शाती है। कार्यक्रम में आरजी तिवारी, शिखा सिंह, मेघा जैन और अंकित जैन ने भी विचार साझा किए। परिसर में नीम, आम, अशोक, बरगद सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए और उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर राजशेखर करियारे, देवकुमार बघेल, विरुजीत राठौर, बदरी सिंह राठौर, अरविंद मिरी, डॉ. प्रतिमा रानी द्विवेदी, डॉ. अंकुर अवस्थी, डॉ. दुर्गेश केसर, डॉ. सेजल उपस्थित रहे।

# कैसे कमाएं मशरूम से, ग्रामीणों को मिला प्रशिक्षण



**जांजगीर।** कृषि के क्षेत्र में नवाचार और सतत विकास की दिशा में जांजगीर जिले में पैरा मशरूम( धान का पुआल मशरूम) की खेती तेजी से लोकप्रिय हो रही है। जिले की जलवायु गर्म और आद्र होने के कारण पैरा मशरूम की खेती के लिए अत्यंत अनुकूल मानी जा रही है। यह न केवल किसानों, बल्कि ग्रामीण महिलाओं, बेरोजगार युवाओं, खेतिहर मजदूरों और भूमिहीन किसानों के लिए भी आय का एक सशक्त और स्थायी विकल्प बनकर उभर रहा है। भारत में इस मशरूम को पैरा मशरूम के नाम से जाना जाता है और यह विश्वभर में तीसरे सबसे अधिक खपत किए जाने वाले खाद्य मशरूम में शामिल है। यह न केवल स्वादिष्ट और पौष्टिक होता है, बल्कि इसमें प्रोटीन की भरपूर मात्रा भी पाई जाती है, जो इसे स्वास्थ्य की दृष्टि से भी उपयोगी बनाती है। पैरा मशरूम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 18 जुलाई को कृषि विज्ञान केंद्र, जांजगीर-चांपा में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. राजीव दीक्षित के मार्गदर्शन और पौध रोग वैज्ञानिक डॉ. आशीष प्रधान के नेतृत्व में किया गया। इस प्रशिक्षण में सक्ती जिले से 9 और जांजगीर जिले से 17 किसानों ने भाग लिया। सभी किसानों ने इसे आय के एक वैकल्पिक और व्यावसायिक साधन के रूप में अपनाने का संकल्प लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में केंद्र के अन्य कृषि वैज्ञानिक शशिकांत सूर्यवंशी, रंजीत मोदी व इंजीनियर डॉ. आशुलता ध्रुव की भी सक्रिय भागीदारी रही, जिन्होंने तकनीकी जानकारियों के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाया।



## राष्ट्रीय राजमार्ग पर कल चक्काजाम

**सक्ती।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस 22 जुलाई को दोपहर 12 से 2 बजे तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम करेगी। चैतन्य को प्रवर्तन निदेशालय ने शराब मामले में गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही बिजली कटौती, जंगलों की कटाई और प्रदेश सरकार पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर भी विरोध होगा। जिला कांग्रेस कमेटी सक्ती ने चक्काजाम की तैयारी को लेकर बैठक की। इसमें सभी कांग्रेसी, विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष और विधायक शामिल होंगे। पार्टी ने इसे प्रदेशव्यापी आर्थिक नाकेबंदी का हिस्सा बताया है।

# पर्यावरण को बेहतर करना है तो पौधे लगाने ही होंगे

**चांपा।** श्री सत्य साईं प्रेम तरु कार्यक्रम के तहत 19 जुलाई को चांपा समिति ने पौधरोपण किया। कार्यक्रम श्री तपसी बाबा तपोभूमि केराझरिया धाम में हुआ। जामुन, बेल, अमरूद, नीम और आम जैसे फलदार और फूल के कुल 22 पौधे लगाए गए।

शुरुआत तीन ओंकार और नौ बार साई गायत्री के सामूहिक पाठ से हुई। इस मौके पर जितेंद्र देवांगन ने कहा पेड़ लगाना जरूरी है। ये ऑक्सीजन छोड़ते हैं। वायु की गुणवत्ता सुधारते हैं। पेड़ों की संख्या बढ़ने से पर्यावरण सुरक्षित होता है। पौधरोपण से प्रदूषण कम होता है। इससे आने वाली पीढ़ियों को बेहतर भविष्य मिलता है। कार्यक्रम में संगठन के जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार देवांगन, जिला आध्यात्मिक प्रभारी निर्मला देवांगन, जिला युवा प्रभारी गोमती देवांगन, जिला सेवा प्रभारी



जानकी देवांगन, कमला देवांगन, प्रीति देवांगन, चन्द्रलेख देवांगन, विजय कुमार देवांगन, दिलीप देवांगन, समिति संयोजक उमेश कुमार देवांगन, मनोज कुमार देवांगन, ईश्वर देवांगन, बसंत देवांगन सहित समिति सदस्य मौजूद रहे। पौधरोपण के बाद महामाया मंदिर में विशेष भजन हुआ। श्री सत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा पर उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम का समापन महामंगल आरती के साथ हुआ।

## लिटिल फ्लावर स्कूल में अभियान के तहत लगाए पौधे

**सक्ती।** लिटिल फ्लावर स्कूल में पर्यावरण संरक्षण को लेकर ग्रीन-डे का आयोजन हुआ। सभी छात्र और शिक्षक हरे रंग के कपड़ों में स्कूल



पहुंचे। बच्चों ने पोस्टर और चार्ट के जरिए हरियाली का महत्व बताया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल संचालक टीपी उपाध्याय और अनिस खान के प्रेरणादायक भाषण से हुई। उन्होंने कहा, एक पौधा लगाना या प्लास्टिक का कम उपयोग करना, भविष्य को सुरक्षित बना सकता है।

बच्चों ने पर्यावरण पर आधारित नृत्य, कविता, भाषण और नाटक प्रस्तुत किए। स्कूल परिसर में पौधरोपण किया। बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर कई पौधे लगाए। हरियाली है जीवन की पहचान जैसे नारों से बच्चों ने ग्रीन-डे का संदेश दिया। एक पेड़ मां के नाम लगाने का संदेश भी दिया। प्राचार्य ने कहा, ऐसे आयोजन बच्चों में प्रकृति के प्रति जुड़ाव और जिम्मेदारी की भावना बढ़ाते हैं।

## छात्राओं ने फौजियों के लिए राखी भेजी



**भेण्डरी नवा।** भेण्डरी नवापारा समीपस्थ ग्राम बुड़ेनी के शासकीय हाईस्कूल की छात्राओं ने सीमा पर तैनात देश के वीर जवानों, फौजियों के लिए रक्षा सूत्र एकत्र कर ग्राम सरपंच खेमू साहू के माध्यम से पोस्टल व्दारा भेजी। 9 अगस्त रक्षा बंधन के पूर्व इस गांव की स्कूली छात्राओं का यह प्रयास प्रशंसनीय रहा। सरपंच ने कहा कि इस प्रयास से हमारे देश के वीर सैनिक जो सीमा पर दिन-रात हमारी और देश की सुरक्षा में लगे हैं उन्हें रक्षाबंधन त्योहार में अपनी बहनो की कमी महसूस नहीं होगी। छात्राओं ने अपना प्रेम और स्नेह इस सूत्र के माध्यम से प्रगट किया। प्राचार्य मोहन ज्योति साहू, व्याख्याता राजू साहू, प्रदीपराव नन्वरे सहित अनेक शिक्षक एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य व छात्राएं उपस्थित थे।

# हर हाल में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकेगा एक गांव

**अकलतरा।** अकलतरा जांजगीर-चांपा जिले की ग्राम पंचायत कोटगढ़ में आयोजित ग्राम सभा में बाल विवाह निषेध प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। यह निर्णय जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत लिया गया है और इसे ग्राम को बाल विवाह मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

ग्राम सभा की अध्यक्षता सरपंच छोटेलाल रामचरण कंवर ने की। बैठक में वार्ड पंच, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षाकर्मी, युवोदय स्वयंसेवक, ग्रामीण और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। सर्वसम्मति से तय किया गया कि यदि गांव में किसी लड़के या लड़की की उम्र तय मानकों से कम है और उसका विवाह कराया जाता है, तो ग्राम पंचायत स्वत: संज्ञान लेकर कार्रवाई करेगी। साथ ही प्रत्येक वार्ड पंच अपने क्षेत्र की निगरानी करेगा ताकि कोई बाल विवाह छुपकर न हो सके।बैठक में सभी उपस्थित लोगों ने बाल विवाह न करने और न होने देने की शपथ ली।

यह निर्णय कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में संचालित बाल विवाह मुक्त जांजगीर अभियान के तहत लिया गया है। इस अभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग, यूनिसेफ और युवोदय हसदेव के हीरो कार्यक्रम का सहयोग लिया जा रहा है। वहीं



दूसरी ओर लोग भी इस दिशा में जागरूक हो रहे हैं। ग्राम पंचायत कोटगढ़ के पंचायत भवन में बाल विवाह नहीं करवाने की शपथ लेते गांव के सरपंच एवं पंच। दूसरों के लिए उदाहरण बना गांव कोटगढ़ का यह प्रस्ताव बाल विवाह के खिलाफ सामूहिक चेतना और सामाजिक जिम्मेदारी का उदाहरण बन चुका है।

प्रशासन ने सरपंच और ग्रामीणों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यदि सभी ग्राम पंचायतें इसी तरह सक्रिय भागीदारी निभाएं, तो जांजगीर-चांपा जिला जल्द ही छत्तीसगढ़ का पहला बाल विवाह मुक्त जिला बन सकता है। युवोदय स्वयं सेवक गांव-गांव जाकर लोगों से संवाद भी कर रहे अभियान के तहत बाल विवाह के दुष्परिणामों को लेकर जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। विद्यालयों में किशोर-किशोरियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी दी जा रही है। अनुविभागीय अधिकारी विक्रांत आँचल के मार्गदर्शन में युवोदय स्वयंसेवक गांव-गांव जाकर समुदाय से संवाद कर रहे हैं।

## रिंगनी में 53 विद्यार्थियों को बांटी गई यूनिफॉर्म

**रिंगनी-खरौद।** ग्राम पंचायत रिंगनी की शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में 19 जुलाई को विद्यार्थियों को निशुल्क गणवेश बांटे गए। कुल 53 छात्र-छात्राओं को दो-दो सेट कपड़े दिए गए। गणवेश पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास नजर आया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप, वरिष्ठ नागरिक बहरता लाल कश्यप और पत्रकार मेलाराम कश्यप मुख्य अतिथि रहे।

## श्यामा ने कहा, सभी तरफ स्वच्छता बनाने की मानसिकता जरूरी

**बलौदा।** विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से विशेष आध्यात्मिक और नैतिक शिक्षा सत्र हुआ। इसका उद्देश्य बच्चों को जीवन के मूल संस्कार, आत्मिक जागरूकता और मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति सजग करना था। मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी श्यामा बहन रहीं। उन्होंने बच्चों को बाहरी और आंतरिक स्वच्छता के महत्व को सरल भाषा में समझाया। कहा, जैसे शरीर, वस्त्र और आसपास की सफाई जरूरी है, वैसे ही मन की सफाई भी जरूरी है। मन की स्वच्छता से ही चरित्र, शांति और प्रेम जन्म लेते हैं।

श्यामा बहन ने प्रेम के महत्व को भावनात्मक उदाहरणों से समझाया। कहा, प्रेम ही मनुष्य को जोड़ता है। जहां प्रेम नहीं होता, वहां कोई रहना नहीं चाहता। उन्होंने बच्चों को स्वयं से, परिवार, विद्यालय, शिक्षकों, देश और भगवान से प्रेम करने की प्रेरणा दी। आज्ञाकारिता, मधुरता और नम्रता जैसे गुणों को अपनाने की सीख दी। एक कहानी के माध्यम से बताया कि इन गुणों से जीवन सरल और सफल बनता है। श्यामा बहन ने भगवद गीता के श्लोक नैनं छिंदन्ति शस्त्राणि... के माध्यम से आत्मा की अमरता और शक्ति को बताया। कहा, आत्मा अविनाशी चेतन शक्ति है। इसे कोई शस्त्र काट नहीं सकता, अग्नि जला नहीं सकती, जल भिगो नहीं सकता।

## विधायक कश्यप ने विधानसभा में उद्योगों के लिए अधिग्रहित जमीन का मामला उठाया

**जांजगीर।** विधानसभा मानसून सत्र के दूसरे दिन विधायक ब्यास कश्यप ने जिला जांजगीर-चांपा में उद्योग स्थापना के लिए अधिग्रहित



जमीन, श्रमिक कल्याण हेतु संचालित योजनाओं तथा जिला जांजगीर-चांपा क्षेत्र के नगरीय निकायों में जल आवर्धन योजना एवं अन्य योजनाओं की लक्ष्यपूर्ति के संबंध में प्रश्न पूछे। उन्होंने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री से जिला जांजगीर-चांपा में वर्ष 2022 से जून 2025 तक पॉवर प्लांट या अन्य उद्योग स्थापना के लिए हुए एम.ओ.यू., भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा वितरण के संबंध सवाल पूछे। जवाब में उद्योग मंत्री के द्वारा बताया गया कि राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला जांजगीर-चांपा में वर्ष 2022 से जून 2025 तक कोई एम.ओ.यू. नही हुआ है तथापि इसके स्थान पर नवीन प्रणाली के अनुसार प्रश्नाधीन अवधि में जांजगीर-चांपा में एक इकाई मेसर्स बीईएमएल लिमिटेड बेंगलुरू, कर्नाटक के लिए ''इन्वीटेशन टू इन्वेस्ट'' पत्र जारी किया गया है। जवाब में बताया गया कि मेसर्स जांजगीर थर्मल पॉवर लिमिटेड द्वारा उद्योग स्थापना में रूचि नही लिए जाने एवं भू-आबंटन हेतु जमा कराई गई तदर्थ अग्रिम प्रब्याजि राशि वापस मांग किये जाने के फलस्वरूप जमा कराई गई राशि इकाईयों को सीएसआईडीसी द्वारा स्वयं के मद से वापस की जा चुकी है। विभाग द्वारा आदर्श औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उपरोक्त में से ग्राम गतवा की कुल 100 एकड़ भूमि मेसर्स भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (मेसर्स बी.ए.एम.एल.) को आबंटन करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। इसी तरह विधानसभा जांजगीर-चांपा के मेसर्स कर्नाटक पावर लिमिटेड को ग्राम गोधना, कुकदा, सलखन में भूमि आबंटित की जा चुकी है। इकाई द्वारा उपरोक्त भूमि के अर्जन हेतु मांग की गई मुआवजा एवं सेवा शुल्क राशि का भुगतान सीधे अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी को किया गया है। सीएसआईडीसी द्वारा मुआवजा राशि का भुगतान नही किया गया है।

## अनमोल वचन......

सिर्फ अपनी नही बल्कि दुसरो की गलतियों से भी सीखो, क्योंकि लक्ष्य बड़ा हैऔर समय कम...

# इंडिया गठबंधन को तवज्जो नहीं

*बिहार में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर इंडिया गठबंधन के विरोध को उच्चतम न्यायालय ने खास तवज्जो नहीं दी है, लेकिन कहा जा सकता है कि निर्वाचन आयोग के भी कान उमेठ दिए गए हैं। न्यायालय ने आयोग को इस प्रक्रिया को पूर्ण करने से तो नहीं रोका लेकिन कहा कि किसी मतदाता की नागरिकता की जांच करना आयोग का नहीं अपितु गृह मंत्रालय का काम है। आयोग को इस प्रक्रिया में आधार, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड को वैध दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने पर विचार करना चाहिए। पुनरीक्षण के समय पर भी न्यायालय ने सवाल उठाया। राज्य में इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। उससे ठीक पहले पुनरीक्षण की जरूरत क्या थी।*

*हालांकि एसआईआर को संवैधानिक दायित्व मानते हुए न्यायालय ने आयोग को एसआईआर जारी रखने की अनुमति दी है। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मतदान के अधिकार को महत्त्वपूर्ण अधिकार करार देते हुए कहा, हम किसी संवैधानिक संस्था को वह करने से नहीं रोक सकते जो उसका कर्त्तव्य है। पीठ ने एसआईआर का विरोध कर रहे पक्ष की सुनवाई की आवश्यकता को स्वीकार करते हुए इस अभियान को चुनौती देने वाली 10 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई के लिए 28 जुलाई की तारीख तय की है और आयोग से एक सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा है। आयोग के इस कथन को पीठ ने रिकॉर्ड में लिया कि एसआईआर के लिए जिन 11 दस्तावेज पर विचार करना था, उनकी सूची संपूर्ण नहीं थी और आदेश दिया कि निर्वाचन आयोग आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड जैसे तीन दस्तावेज पर भी विचार करे। निर्वाचन आयोग के वकीलों के एतराज पर पीठ ने इसे अनिवार्य नहीं बताया लेकिन खारिज करने का ठोस कारण भी पूछा। पीठ ने एसआईआर को रोका नहीं क्योंकि 10 याचिकाकर्ताओं में किसी ने भी इसका अनुरोध नहीं किया था। हालांकि निर्वाचन आयोग संवैधानिक दायित्व के तहत ही पुनरीक्षण का काम कर रहा है, लेकिन जो 11 दस्तावेज मांगे जा रहे हैं, वे सब लोगों के पास हों यह संभव ही नहीं है। निर्वाचन आयोग को पासपोर्ट, मैट्रिक और जन्म प्रमाणपत्र की जगह आधार, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड को मान्यता देनी ही होगी। इन्हें सब जगह स्वीकार किया जा चुका है।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक रहेगा। आप किसी विशेष कार्य की योजना बनायेंगे और जल्द ही उस पर काम करना शुरू करेंगे। इस राशि के छात्र किसी एंट्रेंस एग्जाम में सफलता प्राप्त करेंगे, जिससे घर में खुशियां आएंगी। किसी बड़े सदस्य की सहायता से आज पारिवारिक समस्या का समाधान होगा, जिससे आपको सुकून मिलेगा ।

**वृष राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। व्यापारिक लेन देन में आज आपको बढ़िया लाभ मिलेगा और क्लाइंट के साथ आपके रिश्ते मजबूत बनेंगे। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा, बच्चों के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। आज आप माता-पिता के साथ आप किसी धार्मिक स्थल के दर्शन करने जा सकते हैं , आपको आंतरिक सुख की प्राप्ति होगी।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज पेंडिंग वर्क को पूरा करने का दिन है, इसलिए आप मन लगाकर काम करें। शादीशुदा रिश्तों में सुधार आएगा, जिससे घर का माहौल खुशहाल रहेगा। जो लोग किसी शारीरिक समस्या से जूझ रहें हैं , आज उनको एक्सपर्ट की सलाह मिलने से वो तकलीफ दूर हो जाएगी।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा बना रहेगा। आज आपके अधिकतर कार्य पूरे होंगे, जिससे आप आगे का प्लान तैयार कर पायेंगे। आज ऑफिस के किसी काम से आपको बाहर जाना पड़ सकता है, जहाँ आप अपनी सूझ बूझ से मामले को सुलझा लेंगे।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज आप बड़े और अहम फैसले में जल्दबाजी न करें , थोड़ा रुक कर सोच विचार जरूर करें ऐसा करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। इस राशि के समाज सेवा से जुड़े हुए व्यक्तियों को आज मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आज आप अपनी वाणी पर थोड़ा कंट्रोल बनाये रखें, जिससे परिवार में शांति बनी रहे।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहेगा। आज काम की अधिकता रहेगी जिसकी वजह से शारीरिक परिश्रम भी करना पड़ सकता है। आज आप माता पिता से अपने मन की बात शेयर कर सकते हैं, जिसमें वो आपका सपोर्ट करेंगे। इस राशि के स्पोर्ट्स खेलने वाले छात्र आज कोच की मदद से बेहतर परफॉर्म करने में सफल रहेंगे।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। बिजनेस करने वालों को आज बड़ा धन लाभ होगा, घर में सुख सुविधाओं की बढ़ोतरी होगी। आज आपका दोस्त आपसे मदद मांग सकता है , उसकी मदद करके आपको ख़ुशी मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, जिससे आज आप अच्छे से काम कर पायेंगे। आज काफ़ी समय बाद फैमिली के साथ आप डिनर करने बाहर जा सकते हैं।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन संभावनाओं से भरा रहने वाला है। जिन व्यक्तियों को रोजगार की तलाश है, उनको आज बढ़िया अवसर प्राप्त होंगे, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आज आपके रुके हुए कार्य को गति मिलेगी और आप उसे जल्द ही पूरा करने की कोशिश करेंगे। आज आप नया फर्नीचर खरीद सकते हैं, जिससे घर भरा भरा और आकर्षक प्रतीत होगा।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आज आप व्यापारिक मामलों में किसी भी व्यक्ति को हस्तक्षेप न करने दें, अपने विवेक से काम लें। आज उधार के लेनदेन से बचें और अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा, बच्चों की तरफ से कुछ एक्स्ट्रा जिम्मेदारी आपको संभालनी पड़ सकती है।

**मकर राशिः** आज आपका दिन लाभप्रद बना रहेगा। आपके काम में आ रही रुकावट आज दूर होगी और आपको अन्य स्रोतों से भी आय की प्राप्ति होगी। जो व्यक्ति किसी क़ानूनी मामलों में उलझे हुए हैं, उनको आज राहत मिलने की संभावना है। आज आप माता पिता के साथ मंदिर दर्शन करने जायेंगे, जिससे मन को शांति मिलेगी।

**कुम्भ राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको बिजनेस में बड़ा धन लाभ होगा, पारिवारिक माहौल खुशनुमा बना रहेगा। इस राशि के छात्र पढ़ाई में कड़ी मेहनत करेंगे, जिसके जल्द ही उनको बढ़िया परिणाम देखने को मिलेंगे। आज ऑफिस के किसी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है, ये यात्रा आपके लिए लाभदायक रहेगी।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज आप काम को पूरी ईमानदारी और शिद्दत से करने का प्रयास करेंगे, जिसमें सहकर्मियों का योगदान भी रहेगा। किसी कोर्ट-कचहरी के केस में आज आपको जीत मिलने के योग बन रहें हैं।

# पंच परिवर्तन से बदल जाएगा समाज का चेहरा-मोहरा

//प्रो. संजय द्विवेदी //

**किसी भी राष्ट्र और लोकतंत्र की सफलता उसके नागरिकों की सहभागिता और कर्तव्यबोध से ही सार्थक होती है। एक जीवंत लोकतंत्र की गारंटी उसकी नागरिक चेतना ही है। कानूनों की अधिकता और उसे न मानने का मानस दोनों साथ-साथ चलते हैं। इतिहास के चक्र में किसी सांस्कृतिक संगठन के सौ साल की यात्रा साधारण नहीं होती। यह यात्रा बीज से बिरवा और अंततः उसके वटवृक्ष में बदल जाने जैसी है। ऐसे में उस संगठन के भविष्य की यात्रा पर विमर्श होना बहुत स्वाभाविक है। स्वतंत्रता के अमृतकाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संकल्प भविष्य के भारत की रचना में सहयोगी बन सकते हैं।**



अपने शताब्दी वर्ष में संघ ने 'पंच परिवर्तन' का संकल्प लिया है। यह पंच परिवर्तन क्या है। इससे क्या होने वाला है। इसे भी जानना जरूरी है। संघ की मान्यता है कि व्यवस्था परिवर्तन का लक्ष्य तभी पूरा होगा, जब भारत की व्यवस्थाएं 'स्व' पर आधारित हों। 'स्व' आधारित तंत्र बनाना साधारण नहीं है। महात्मा गांधी से लेकर देश के तमाम विचारक और राजनेता 'स्व' की बात करते रहे,किंतु व्यवस्था ने उनके विचारों को अप्रासंगिक बना दिया। समाज परिर्वतन के बिना व्यवस्था परिर्वतन संभव नहीं, इसे भी सब मानते हैं। वैचारिक संभ्रम इसका बहुत बड़ा कारण है। हम आत्मविस्मृति के शिकार और आत्मदैन्य से घिरे हुए समाज हैं। गुलामी के लंबे कालखंड ने इस दैन्य को बहुत गहरा कर दिया है। इससे हम अपना मार्ग भटक गए। स्वामी विवेकानंद, महर्षि अरविंद, स्वामी दयानंद सरस्वती, लोकमान्य तिलक, महात्मा गांधी, बाबा साहब आंबेडकर हमें वह रास्ता बताते हैं जिनपर चलकर हम अपनी कुरीतियों से मुक्त एक सक्षम, आत्मनिर्भर और स्वाभिमानी समाज बन सकते थे। किंतु अंग्रेजों के बाद सत्ता में आए नायकों ने सारा कुछ बिसरा दिया। उस आरंभिक समय में भी दीनदयाल उपाध्याय और डा. राममनोहर लोहिया जैसे नायक भारत की आत्मा में झांकने का प्रयास करते रहे किंतु सत्ता की राजनीति को वे विचार अनुकुल नहीं थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने शताब्दी वर्ष में पंच परिर्वतन का जो संकल्प लिया है,वह भारत की चिति और उसकी स्मृति को जागृत करने का काम करेगा। राष्ट्रीय चेतना का स्तर बढ़ाने के लिए 1.नागरिक कर्तव्य, 2. स्वदेशी, 3. पर्यावरण संरक्षण, 4.समरसता, 5.कुटुंब प्रबोधन जैसे पांच संकल्प ही पंच परिवर्तन के सूत्र हैं। इन विषयों में भारत की आत्मा को झकझोरकर जगाने और 'नया भारत' बनाने का संकल्प झलकता है। किसी भी राष्ट्र और लोकतंत्र की सफलता उसके नागरिकों की सहभागिता और कर्तव्यबोध से ही सार्थक होती है। एक जीवंत लोकतंत्र की गारंटी उसकी नागरिक चेतना ही है। कानूनों की अधिकता और उसे न मानने का मानस दोनों साथ-साथ चलते हैं। अपनी माटी के प्रति प्रेम, उत्कट राष्ट्रभक्ति ही सफल राष्ट्र का आधार है। जापान जैसे देशों का उदाहरण देते समय हमें देखना होगा कि क्या हमारी राष्ट्रीय चेतना और संवेदना वही है जो एक जापानी में है। आखिर क्या कारण है कि अपनी महान परंपराओं, ज्ञान परंपरा के बाद भी हम एक लापरवाह और कुछ मामलों में अराजक समाज में बदलते जा हैं। कानूनों को तोड़ना यहां फैशन है। यहां तक की हम सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने और सड़कों पर रेड लाइट का उल्लंधन करने से भी बाज नहीं आते। ये बहुत छोटी बातें लगती हैं, किंतु हैं बहुत बड़ी। चुनावों में शत प्रतिशत मताधिकार तो दूर का सपना है। बहुत शिक्षित शहरों में वोटिंग 50 प्रतिशत से आगे नहीं बढ़ पाती। ये सूचनाएं बताती हैं कि हमें अभी जागरूक नागरिक या सजग भारतीय होना शेष है।कानूनों का पालन, कर का समय पर भुगतान, सामाजिक और सामुदायिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रीय संपत्ति की सुरक्षा जरूरी है। एक शानदार समाज की पहचान है कि वह अपने परिवेश को न सिर्फ स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास करता है बल्कि अपने प्रयासों से अन्यों को भी प्रेरित करता है। देखा जाता है कि हममें अधिकार बोध बहुत है किंतु कर्तव्यबोध कई बार कम होता है। जबकि संविधान हमें मौलिक अधिकारों के साथ कर्तव्यों की भी सीख देता है। हमारे धार्मिक ग्रंथ हमें नागरिकता और सामाजिक आचरण का पाठ पढ़ाते हैं। सवाल यह है कि हम उन्हें अपने जीवन में कितना उतार पाते हैं।

पंचपरिवर्तन का दूसरा सूत्र है 'स्वदेशी'। स्वदेशी सिर्फ आत्मनिर्भरता का मामला नहीं है यह राष्ट्रीय स्वाभिमान का भी विषय है। अपनी जमीन पर खड़े रहकर विकास की यात्रा ही स्वदेशी का मूलमंत्र है। विनोबा जी कहते थे- स्वदेशी का अर्थ है आत्मनिर्भरता और अहिंसा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इसे सादगी से भी जोड़ता है। जिसके मायने हैं मितव्ययिता से जियो, कंजूसी से नहीं। स्वदेशी का सोच बहुत व्यापक है। परिवारों में भाषा, वेशभूषा, भवन, भ्रमण, भजन और भोजन ये छः चीजें हमारी ही होनी चाहिए। हम विदेशी भाषा, बोलें, दुनिया के साथ संवाद करें। किंतु अपने परिवारों अपनी मातृभाषा का उपयोग करें। विदेशी वस्त्रों से परहेज नहीं किंतु पारिवारिक मंगल आयोजनों और उत्सवों में अपनी वेशभूषा धारण करें। स्वभूषा, उपासना पद्धति, भोजन हमारा होना चाहिए। इसी तरह हम पूरी दुनिया घूमकर आएं किंतु भारत के तपोस्थलों, तीर्थस्थलों, वीरभूमियों तक भी हमारा प्रवास हो। हमारे परिजन जानें की राणा प्रताप कौन हैं और चित्तौड़गढ़ कहां है। शिवाजी कौन थे और रायगढ़ कैसा है। जालियांवालाबाग कहां है। इसी तरह हमारे घर भारतीयता का प्रतिनिधित्व करते हुए दिखने चाहिए। वहां एक भारतीय परिवार रहता है ,यह प्रकट होना चाहिए। महापुरूषों की तस्वीरें। अपनी भाषा में नाम पट्ट और स्वागतम् जैसे उच्चार लिखे हों। परिवारों में हमारी संस्कृति की छाप साफ दिखनी चाहिए। तुलसी का पौधा और पूजाघर के साथ, किताबों का एक कोना भी हो जिसमें हमारे धार्मिक ग्रंथ गीता, रामायण, महाभारत आदि अवश्य हों। उनका समय-समय पर पाठ भी परिवार के साथ हो। हमारी जीवनशैली आधुनिक हो किंतु पश्चिमी शैली का अंधानुकरण न हो। परिवार में काम करने वाले सेवकों के प्रति सम्मान की दृष्टि भी जरूरी है। ऐसे अनेक विषय हैं जिन पर विचार होना चाहिए। प्रकृति के साथ संवाद और सहजीवन भारत का मूल विचार है। अपनी नदियों, पहाड़ों और पेड़-पौधों में ईश्वर का वास देखने की हमारी संस्कृति और परंपरा रही है। प्रकृति के बिना मानव जीवन की कल्पना असंभव है। प्रदूषण आज बहुत बड़ी चिंता बन गया है। कुछ भी स्वच्छ नहीं रहा। हवा भी जहरीली है। इसलिए हमें अपने भारतीय विचारों पर वापसी करनी ही होगी। प्रकृति और पर्यावरण के साथ सार्थक संवाद ही हमें बचा पाएगा। ग्लोबल वार्मिंग जैसी चिंताएं हमारे सामने चुनौती की तरह हैं। पानी, बिजली को बचाना, प्लास्टिक मुक्त समाज बनाने के साथ वाहनों का संयमित उपयोग जरूरी है। एयरकंडीशनर का न्यूनतम उपयोग, वनों और जंगलों की रक्षा जैसे अनेक प्रयासों से हम सुंदर दुनिया बना सकते हैं। घरों में पेड़-पौधे लगाएं और हरित घर का संकल्प लें। सच तो यह है कि अगर हम पर्यावरण की रक्षा करेंगें तो वह हमारी रक्षा करेगा।

सामाजिक समरसता के बिना कोई भी राष्ट्र अग्रणी नहीं बन सकता। गुरु घासीदास कहते हैं- मनखे-मनखे एक हैं। किंतु जातिवाद ने इस भेद को गहरा किया है। तमाम प्रयासों के बाद भी आज भी हम इस रोग से मुक्त नहीं हो सके हैं। भेदभाव ने हमारे समाज को विभाजित कर रखा है, जिसके चलते दुनिया में हमारी छवि ऐसी बनाई जाती है कि हम अपने ही लोगों से मानवीय व्यवहार नहीं करते हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कहते थे- अस्पृश्यता ईश्वर और मानवता के प्रति अपराध है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक रहे पू. बालासाहब देवरस ने इस संकट को रेखांकित करते हुए बसंत व्याख्यानमाला में कहा था कि- अगर छूआछूत गलत नहीं है दुनिया में कुछ भी गलत नहीं है, इसे मूल से नष्ट कर देना चाहिए। ऐसे में हमें यह समझना होगा कि जो कुछ भी सैकड़ों सालों से परंपरा के नाम पर चल रहा है वह हमारा धर्म नहीं है। इतिहास में हुए इन पृष्ठों का कोई भी सभ्य समाज समर्थन नहीं कर सकता। जबकि हमारे धर्म ग्रंथ और शास्त्र इससे अलग हैं। हमारे ऋषि और ग्रंथों के रचयिता सभी वर्गों से हैं। भगवान बाल्मीकि और वेद व्यास इसी परंपरा से आते हैं। यानि यह भेद शास्त्र आधारित नहीं है। यह विकृति है। इससे मुक्ति जरूरी है।हमें इसके सचेतन प्रयास करते हुए अपने आचरण, व्यवहार और वाणी से समरसता का अग्रदूत बनना होगा। सभी समाजों और वर्गों से संवाद और सहकार बनाकर हम एक आदर्श समाज की रचना में सहयोगी हो सकते हैं। इससे समाज का सशक्तिकरण भी होगा। समानता का व्यवहार, वाणी संयम, परस्पर सहयोग, संवेदनशीलता से हम दूरियों को घटा सकते हैं और भ्रम के जाले साफ कर सकते हैं। साथ ही अपने गांव, नगर के मंदिर, जलश्रोत, श्मशान सबके लिए समान रूप से खुल होने ही चाहिए। इसमें कोई भी भेद नहीं होना चाहिए।

आज का सबसे बड़ा संकट कुटुंब का बिखराव है। एकल परिवारों में बंटते जाना और अकेले होते जाना इस समय की त्रासदी है। जबकि कल्याणकारी कुटुंब वह है जहां सब संरक्षण, स्नेह और संवेदना के सूत्र में बंधे होते हैं। जहां बालकों को प्यार और शिक्षा, वयस्कों को सम्मान और बुजुर्गों को सम्मान और सेवा मिलती है। परिवार हमारी शक्ति बनें इसके लिए पंच परिवर्तन का बड़ा मंत्र है- कुटुंब प्रबोधन। कुटुंब की एक परंपरा होती है। हम उसे आगे बढ़ाते हैं और संरक्षित करते हैं। मूल्यआधारित जीवन इससे ही संभव होता है। परिवार के मूल्यों से ही बच्चों को संस्कार आते हैं और वे सीखते हैं। जैसे देखते हैं वैसा ही आचरण करते हैं।कुटुंब दरअसर रिश्तों का विस्तार है। जिसमें पति-पत्नी और बच्चों के अलावा हमारे सगे-संबंधी भी शामिल हैं। उनके सुख में सुख पाना, दुख में दुखी होना और उन्हें संबल देना हमें मनुष्य बनाता है। इसके लिए बच्चों के साथ-साथ रिश्तों को समय देना जरूरी है। औपचारिक और अनौपचारिक रुप से कार्यक्रमों, खान-पान, उत्सवों के माध्यमों से ये रिश्ते दृढ़ होते जाएं यह बहुत जरूरी है। पंच परिवर्तन के साधारण दिखने वाले सूत्रों में ही भारत की आत्मा के दर्शन होते हैं। इन सूत्रों को अपनाकर हम एक सुंदर बनाने की दिशा में बड़ा काम कर सकते हैं। संघ की शताब्दी वर्ष में लिए गए ये संकल्प हमें एक समाज और राष्ट्र के रूप में संबल देने का काम करेगें इसमें दो राय नहीं है। 22 जनवरी,2024 को अयोध्या में राममंदिर में भगवान की प्राणप्रतिष्ठा के बाद राम राज्य की ओर हम बढ़ चले हैं। राम राज्य के मूल्य हमारे जीवन में आएं। परिवारों में आएं। इससे एक सबल, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी भारत बनेगा। आचरण की शुचिता से आए परिर्वतन ही स्थाई होते हैं। इससे ही हमारे मन में राम रमेंगें और देश में रामराज्य आएगा।

# अंधविास की भट्ठी में झुलसती मानवता

//अवनीश कुमार गुप्ता//

**वही क्षण था जब चंद्रयान-3 ने चांद की सतह पर भारत का झंडा स्थापित कर विज्ञान की नई ऊंचाइयों को छू लिया, लेकिन उसी समय भारत के ही एक गांव में कुछ लोगों ने एक परिवार के पांच सदस्यों को 'डायन' कह कर जिंदा जला दिया। ये दो घटनाएं किसी कल्पना की उपज नहीं, बल्कि हमारे समय और समाज की दो परस्पर विरोधी सच्चाइयों का आईना हैं। एक ओर अंतरिक्ष में विजय तो दूसरी ओर अंधविास की भट्ठी में झुलसती मानवता।**

बिहार के पूर्णिया जिले के टेटगामा गांव में तीन महिलाओं और दो पुरुषों को 'डायन' बता कर पीटा गया और पेट्रोल छिड़क कर जिंदा जला दिया गया। इस अमानवीय कृत्य में लगभग 150 लोगों की भीड़ शामिल थी। यह केवल हत्या नहीं, बल्कि उस तार्किक चेतना की हार थी जो हमारी संस्कृति और संविधान, दोनों में प्रतिष्ठित है। यह घटना एक गांव या राज्य की समस्या नहीं, उस सोच का परिणाम है जहां विज्ञान का दीपक जलाए बिना ही हम आधुनिक बनने का भ्रम पालते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 2000 से 2016 तक बिहार में 2,500 से अधिक डायन-हत्या की घटनाएं हो चुकी हैं। यह आंकड़ा केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि सवाल है कि हम किस दिशा में बढ़ रहे हैं।

क्या तकनीक की प्रगति का लाभ चंद महानगरों और उच्च वर्ग तक ही सीमित रहेगा। क्या गांवों तक वैज्ञानिक सोच, संवेदनशीलता और मानवाधिकारों की चेतना पहुंची है। या फिर आधुनिकता मोबाइल और इंटरनेट की सुविधा तक ही सिमट गई है। यह घटना न केवल मानवाधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि संविधान और कानून की विफलता भी है। जब पूरा गांव एक अमानवीय कृत्य में शामिल हो, और पुलिस-प्रशासन निष्क्रिय बना रहे, तो सवाल उठता है कि लोकतंत्र के स्तंभ क्या चुनावों और भाषणों तक सीमित रह गए हैं। पुलिस की निष्क्रियता और प्रशासन की उदासीनता इस पूरे तंत्र पर गहरी चोट है, जो दिखाती है कि संवैधानिक ढांचे के भीतर भी बहुत सी दरारें हैं, जिन्हें भरने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की नहीं, पूरे समाज की है।

हमारे पूर्वजों की परंपरा में तर्क, विज्ञान और विवेक का बहुत महत्त्व था। आर्यभट्ट, वराहमिहिर, चरक, सुश्रुत जैसे नाम केवल ऐतिहासिक नहीं, बल्कि भारतीय बौद्धिक परंपरा की नींव थे। लेकिन क्या आज उनके विचारों की छाया हमारे गांव-कस्बों तक पहुंची है। किसी महिला के बीमार हो जाने पर भी उसका इलाज अस्पताल में कराने की बजाय उसे डायन कह कर जलाया जाता है, तो इसका मतलब है कि हमारा समाज अतीत के किसी अंधेरे कुएं में जा गिरा है। मीडिया की भूमिका भी इस पूरे विमर्श में संदिग्ध है। आज की मीडिया सिर्फ सनसनी पर केंद्रत है। घटना की संवेदनशीलता को समझने के बजाय वे इसे टीआरपी की दौड़ में बदल देते हैं। क्या कोई समाचार संस्था बताती है कि इस तरह की घटनाएं क्यों हो रही हैं। क्या वे समाज को इस ओर मोड़ने का प्रयास कर रहे हैं कि अंधविास, अज्ञानता और पाखंड का समूल नाश हो नहीं। वे केवल क्लिप बनाते हैं, भावनाएं भड़काते हैं, पर कोई वैचारिक आंदोलन नहीं चलाते। ऐसी घटनाओं में भीड़तंत्र को तो जिम्मेदार ठहराया ही जाना चाहिए लेकिन उससे भी अधिक जिम्मेदार हैं वे संस्थाएं जो समाज को दिशा देने के लिए बनी हैं-शिक्षा संस्थान, धार्मिक संगठन, पंचायतें और प्रशासनिक तंत्र। अगर इन सबकी चुप्पी किसी एक क्रिया को संभव बनाती है, तो वह केवल सह-अपराध नहीं, बल्कि मानसिक अपराध भी है।

टीवी चैनल केवल सास-बहू के ड्रामे दिखाने की बजाय 'डायन प्रथा खत्म करो' जैसे अभियान को प्राथमिकता दें। पंचायतों में हर महीने तर्क आधारित संवाद हों। स्कूलों में छात्रों को परीक्षा की तैयारी नहीं, सामाजिक चेतना का पाठ भी पढ़ाया जाए। सनातन परंपरा का मूल तत्व ही है करुणा, विवेक और ज्ञान। यदि समाज में धर्म के नाम पर ही हिंसा होती है, तो वह धर्म नहीं, अधर्म है। हमें सनातन के उन मूल्यों की पुनः स्थापना करनी होगी जो हर जीव में आत्मा का दर्शन कराते हैं, न कि उसे जला देते हैं। जब चंद्रयान-3 भारत की तकनीकी क्षमता का प्रतीक बन कर चांद पर उतरता है, तो उसके साथ भारत की आत्मा भी आसमान छूने की आकांक्षा करती है।

लेकिन जब किसी गांव में एक महिला को डायन कह कर जिंदा जलाया जाता है, तो वह आत्मा चीत्कार करती है। यह हमारे समय का विरोधाभास है-एक ओर विज्ञान, दूसरी ओर अंधविास; एक ओर अंतरिक्ष में सफलता, दूसरी ओर सामाजिक अधपतन। भारत का भविष्य तभी सुरक्षित होगा जब विज्ञान और विवेक का उजाला हर गांव, घर और मन में पहुंचेगा। 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' केवल श्लोक नहीं, सामाजिक अभियान होना चाहिए-अज्ञान से ज्ञान, अंधकार से प्रकाश, हिंसा से करुणा, और भीड़ से विचार की ओर। तभी हम सच्चे अथरे में मानवता-सम्मत भारत बना सकेंगे।

## तस्वीरों की दुनिया



वरिष्ठ राजनेता और जम्मू-कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के संस्थापक अब्दुल गनी लोन के बेटे बिलाल गनी लोन श्रीनगर में एक साक्षात्कार के दौरान।



त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा अगरतला में उज्जयंत पैलेस के पास केर पूजा उत्सव के दौरान एक आदिवासी पुजारी से आशीर्वाद लेते हुए।



श्रीनगर में जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध मार्च को रोकने की कोशिश करते पुलिसकर्मी।



गाजा में चल रहे सशस्त्र संघर्ष के बीच, नई दिल्ली के नेहरू प्लेस में लोग फिलिस्तीनियों के समर्थन में प्रदर्शन में भाग लेते हुए।




हरियाणा के हिसार में गणेश नामक एक दलित युवक की कथित हत्या के विरोध में लोग नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मानसून के मौसम में गंगा नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि के कारण दशाश्वमेध घाट आंशिक रूप से जलमग्न हो गया है।



पटना में भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित मेगा जॉब मेले के दौरान रजिस्ट्रेशन काउंटर पर बेरोजगार युवा एकत्रित हुए।

# यूपीएससी के इंटरव्यू में जयशंकर से क्या पूछा गया था? विदेश मंत्री ने बताया- इमरजेंसी का आखिरी दिन था और...

**नईदिल्ली, 21 जुलाई [एजेंसी]।**

विदेश मंत्री और पूर्व IFS अधिकारी एस जयशंकर ने PSC (संघ लोक सेवा आयोग) के सिविल सर्विस परीक्षा के अपने इंटरव्यू को लेकर जानकारी शेयर की है। उन्होंने बताया कि उनका इंटरव्यू आपातकाल के आखिरी दिन हुआ था। जयशंकर ने दिल्ली में एक कार्यक्रम में सिविल सेवा में शामिल होने वाले नए बैच के लोगों से बातचीत करते हुए कहा कि उनका इंटरव्यू 21 मार्च 1977 में हुआ था। इसी दिन 21 महीनों तक देश में चले आपातकाल को खत्म किया गया था। विदेश मंत्री एस जयंशकर इंटरव्यू के दिन को याद करते हुए कहा, , मैं शाहजहां रोड पर साक्षात्कार के लिए गया। उस सुबह सबसे पहले पहुंचने वाला मैं था। उस इंटरव्यू में मैंने दो बातें सीखी। पहला कि जब आप पर प्रेशर के बीच आपके संवाद का महत्व और दूसरा कि लोग एक दायरे से बाहर नहीं देख रहे थे।उन्होंने आगे बताया कि जब वो इंटरव्यू देने गए थे तो उनकी उम्र महज 22 साल थी। 70 वर्षीय जयशंकर ने ये भी बताया कि आपातकाल को लेकर उस समय वो क्या सोच रहे थे। विदेश मंत्री ने कहा कि इंटरव्यू में उनसे पूछा गया था कि 1977 के चुनावों में क्या हुआ था। एक छात्र के रूप में जेएनयू से अपने जुड़ाव और राजनीति विज्ञान विषय का हवाला देते हुए विदेश मंत्री ने कहा, मैं भाग्यशाली था। हमने 1977 के चुनाव अभियान में हिस्सा लिया था। हम सभी वहां गए थे और आपातकाल के खिलाफ काम किया था। उन्होंने कहा, तो जवाब देते वक्त, मैं भूल गया था कि मैं इंटरव्यू में हूं, और उस समय, किसी



तरह मेरा संवाद कौशल काम करने लगा। इंटरव्यू की बारीकियों पर बात करते हुए एस जयशंकर ने कहा, उन लोगों को, जो सरकार से काफी जुड़े हुए हैं, सहानुभूति रखते हैं, उन्हें आहत किए बिना यह समझाना कि क्या हुआ था, वास्तव में एक बड़ी चुनौती थी। और दूसरी बात जो उन्होंने उस दिन सीखी, वह थी (इस लुटियंस बबल) यानी लुटियंस दिल्ली के दायरे तक सिमटने के बारे में।कई बार महत्वपूर्ण लोग एक तरह के बबल (सिमटे दायरे) में रहते हैं और उन्हें यह एहसास ही नहीं होता कि देश में वास्तव में क्या हो रहा है। उन्होंने कहा कि जो लोग जमीन पर काम कर रहे थे- जैसे कि उनके जैसे छात्र जो चुनाव अभियानों का हिस्सा थे और मुजफ्फरनगर जैसे इलाकों में गए थे-हमें जमीन पर एक माहौल का अंदाजा हो गया था, लेकिन दिल्ली में बैठे लोग, जिनके पास सभी तंत्र से सारी जानकारियां थीं, किसी तरह वो उसे समझ नहीं पाए। उन्होंने कहा जो लोग मेरा इंटरव्यू ले रहे थे वो लोग सचमुच हैरान थे, उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा था कि ये चुनाव परिणाम आए हैं, जबकि हम आम छात्र देख सकते थे कि आपातकाल के खिलाफ लहर थी। जयशंकर ने कहा कि उस दिन से उन्होंने दबाव में भी संवाद करना तथा लोगों को नाराज किए बिना ऐसा करना सीख लिया। उन्होंने कहा कि आप लोगों को कैसे समझाते हैं, कैसे उन्हें मनाते हैं। यह एक बड़ी बात है। जब विदेश मंत्री से पूछा गया कि लोकतंत्र का आकलन करने का पैमाना क्या है। तो उन्होंने कहा, मेरे लिए मेरे लिए, एक सफल लोकतंत्र वह है जब पूरे समाज को अवसर मिले; तभी लोकतंत्र काम कर रहा है।

उन्हें अपनी बात कहने का अधिकार है, लेकिन यह कुछ लोगों का, पूरे समाज की ओर से अपनी बात कहने का अधिकार नहीं है। यूपीएससी में सफल अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने उनसे आग्रह किया कि वे याद रखें कि वे सभी एक सेवा में प्रवेश कर रहे हैं। विदेश मंत्री ने कहा, 25 वर्षों का यह अमृत काल आपका युग है। आपका युग, क्योंकि आपको काम करना होगा, आपको परिणाम देने होंगे, और आप इस युग के लाभार्थी होंगे, आप इस युग के नेता होंगे। उन्होंने उनसे 2047 तक विकसित भारत के विजन में योगदान देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि आप 20 साल आगे की सोचें... जब हम विकसित भारत की यात्रा की ओर बढ़ेंगे, तो आपका योगदान क्या होगा। और, विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए आपको कैसी मानसिकता लानी होगी।विदेश मंत्री ने यूपीएससी परीक्षा को अग्नि परीक्षा के समान बताया और कहा कि यह सेवाओं के लिए चयन की दुनिया की एक अनोखी परीक्षा प्रणाली है।

## आखिर 1 सेकंड में दोनों इंजन के फ्यूल स्विच कैसे ऑफ हो गए ?

### एविएशन एक्सपर्ट ने पश्चिमी मीडिया के दावों की खोली पोल

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश को लेकर एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट सामने आने के बाद पश्चिमी मीडिया ने पायलटों को दोष देना शुरू कर दिया था। पश्चिमी मीडिया में दावा किया जा रहा था कि पायलट ने जानबूझकर विमान का फ्यूल कटऑफ कर दिया था, जिससे इंजन में ईंधन खत्म हो गया और दुर्घटना हुई। हालांकि, इस रिपोर्ट पर विमानन विशेषज्ञ कैप्टन ईशान खालिद ने इस बात से पूरी तरह असहमति जताई। उन्होंने कहा, 42 सेकंड के टाइमस्टैम्प पर ईंधन स्विच एक सेकंड के भीतर रन से कट-ऑफ में बदल दिए गए। इसका मतलब है कि एक सेकंड के भीतर, किसी ने - कॉकपिट के दोनों स्विच बंद कर दिए। यानी 500 मिली सेकंड में एक स्विच बंद किया गया। यह नहीं हो सकता है।फिर कहानी यह है कि दूसरे पायलट ने यह देखा और पूछा, आपने इंजन क्यों बंद कर दिया या बंद कर दिया अगर यह सच है, तो मुझे लगता है कि इस कहानी के प्रस्तावक को अब यह बताना होगा कि अगर दूसरा पायलट वाकई इंजन चालू करना चाहता था तो उसने 10 सेकंड क्यों लगाए। खालिद का मानना है कि संभवत कोई इलेक्ट्रिकल सिग्नल था, जिससे फ्यूल सप्लाई बंद हो गई। आखिर 1 सेकंड में दोनों इंजन के फ्यूल स्विच कैसे ऑफ हो गए। पश्चिमी मीडिया के दावों की एविएशन एक्सपर्ट ने खोली पोल पायलट बाद में इंजन दोबारा स्टार्ट करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

# एअर इंडिया एक्सप्रेस की रांची-दिल्ली फ्लाइट रद, यात्रियों ने किया हंगामा

**रांची, 21 जुलाई [एजेंसी]।**

बिरसा मुंडा एअरपोर्ट पर तकनीकी खराबी के कारण एअर इंडिया एक्सप्रेस के रांची-दिल्ली विमान (आईएक्स 1200) को रद कर दिया गया। संबंधित विमान से झारखंड के चार सांसदों को सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र में भाग लेने के लिए दिल्ली जाना था। राज्यसभा सदस्य प्रदीप वर्मा ने बताया कि एअर इंडिया एक्सप्रेस का दिल्ली-रांची विमान (आईएक्स 1199) अपने निर्धारित समय शाम 04.52 बजे दिल्ली से रांची पहुंच चुका था।शाम छह बजे एअर इंडिया एक्सप्रेस के रांची-दिल्ली विमान (आईएक्स 1200) को उड़ान भरना था। विमान में 180 यात्री व छह क्रु मेंबर सवार थे। जांच के दौरान विमान में कुछ तकनीकी खराबी पायी गई। इसके बाद एअर इंडिया एक्सप्रेस एअरलाइंस की ओर से बताया गया कि विमान विलंब से उड़ान भरेगा।लगभग डेढ़ घंटे तक विमान में आई तकनीकी खराबी को दुरुस्त करने का प्रयास किया गया। इसके बाद विमान को ग्राउंडेड घोषित कर दिया गया। विमान के रद होने की सूचना मिलते ही सभी यात्री आक्रोशित हो गए और एअरलाइंस के अधिकारियों से दूसरे विमान की व्यवस्था करने की मांग करने लगे।कई यात्रियों ने बताया कि उन्हें आवश्यक कार्य से दिल्ली जाना था। उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। इसके बाद एअर इंडिया एक्सप्रेस एअरलाइंस के अधिकारियों ने कुछ यात्रियों को रांची से कोलकाता के रास्ते दिल्ली जाने का विकल्प दिया।कुछ यात्रियों के साथ सांसद आदित्य साहू व प्रदीप वर्मा रांची से कोलकाता के लिए रवाना हुए। कोलकाता पहुंचने के बाद उन्होंने होटल में रात गुजारी। बताया कि सोमवार की सुबह कोलकाता से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। वहीं, अन्य दो सांसद कालीचरण सिंह मुंडा व विद्युत वरण महतो सोमवार की सुबह दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। एअर इंडिया एक्सप्रेस एअरलाइंस के अधिकारी ने बताया कि विमान में आई तकनीकी खराबी दुरुस्त नहीं हो पाई। दिल्ली से कुछ पार्ट्स मंगाए गए हैं। विमान में आई तकनीकी खराबी को दुरुस्त करने के बाद डीजीसीए से स्वीकृति मिलने के बाद ही संबंधित विमान को दिल्ली भेजा जाएगा।

# चंदन मिश्रा हत्याकांडः जेल में रची गई थी साजिश, कौन है शेरू सिंह, जिसने अपने खास गुर्गे को दी थी सुपारी ?

**कोलकाता।** पटना के पारस अस्पताल में घुसकर सजायाफ्ता गैंगस्टर चंदन मिश्रा की गोलियों से भूनकर हत्या के मामले में कोलकाता के दो अलग-अलग ठिकानों से मुख्य आरोपित सहित 10 लोगों की शनिवार को गिरफ्तारी के बाद इस घटना का बंगाल कनेक्शन स्पष्ट हो गया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि बंगाल के पुरुलिया जेल में बंद गैंगस्टर शेरू सिंह ने कथित तौर पर जेल से ही इस हत्या की साजिश रची थी और अपने एक खास गुर्गे यानी कोलकाता से पकड़े गए मुख्य शूटर तौसीफ रजा उर्फ बादशाह को इसकी सुपारी दी थी। आपसी प्रतिद्वंद्विता में शेरू सिंह गिरोह पर ही चंदन मिश्रा की हत्या का आरोप है। काफी तलाशी के बाद बिहार और बंगाल एसटीएफ ने एक संयुक्त अभियान में इस हत्याकांड के मुख्य आरोपित (शूटर) तौसीफ रजा और उसके तीन साथियों सहित पांच लोगों को शनिवार देर रात कोलकाता के आनंदपुर थाना इलाके में एक गेस्ट हाउस से दबोचा। इसमें तौसीफ के अलावा उसका सहयोगी निशु खान और दो अन्य शूटर के अलावा एक महिला भी शामिल है।इससे पहले शनिवार तड़के बिहार और बंगाल एसटीएफ की टीम ने कोलकाता से सटे न्यूटाउन के शापुरजी में स्थित एक बहुमंजिला आवासीय परिसर से शूटरों को लाने ले जाने और पनाह देने वाले पांच संदिग्ध मददगारों को गिरफ्तार किया था। इधर, हत्या की योजना में तौसीफ का खास सहयोगी निशु खान की भी अहम भूमिका बताई जा रही है। निशु खान, तौसीफ का ममेरा भाई बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि चंदन की हत्या की साजिश पटना के समनपुरा इलाके में निशु खान के आवास पर ही रची गई थी। बताया जा रहा है कि शेरू सिंह की शूटर तौसीफ के साथ दोस्ती पटना की बेऊर जेल में शुरू हुई थी। शुरुआत में तय हुआ था कि चंदन को जेल में ही मार दिया जाएगा, लेकिन योजना कामयाब नहीं हुई। फिर शेरू के आदेश पर चंदन के एक करीबी को अपने गिरोह में शामिल किया गया। फिर चंदन को पैरोल मिलने की खबर मिलते ही उसकी हत्या की योजना तैयार की गई।चंदन के जेल से पैरोल पर रिहा होते ही शेरू ने तौसीफ से दोबारा संपर्क किया था। हत्या को अंजाम देने से पहले तौसीफ और उसके साथी पटना के समनपुरा पहुंचे और निशु के सहयोग से अस्पताल के पीछे एक अपार्टमेंट में डेरा डाला।

## तुम हिंदुस्तानी नहीं हो क्या..., मराठी बोलने पर मजबूर किया गया तो महिला ने दिया करारा जवाब

**मुंबई।** महाराष्ट्र में भाषा विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। इस बार एक गैर मराठी भाषी महिला को जबरदस्ती मराठी बोलने के लिए मजबूर किया गया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जहां कुछ लोग एक महिला को घेर कर मराठी बोलने के लिए कह रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ लोग महिला पर चिल्ला रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, संजीरा देवी नामक महिला अपने घर के सामने खड़ी थी, तभी उसने देखा कि कुछ लोगों ने उसका रास्ता रोक लिया है। जब उसने उनसे थोड़ी जगह मांगी, तो उन्होंने उसे मराठी में बात करने को कहा। उसने मना कर दिया। इस तरह गरमागरम बहस शुरू हो गई।उनमें से एक आदमी ने उसके चेहरे के पास उंगली उठाते हुए कहा, मराठी में बोलो।

# चेतावनी के बाद परमाणु चर्चा के लिए ईरान तैयार अगले हफ्ते यूरोपीय देशों के साथ कर सकता है वार्ता



**दुबई 21 जुलाई ।** ईरान इस सप्ताह ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के साथ तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर वार्ता कर सकता है। ईरान की अर्ध-आधिकारिक तसनीम समाचार एजेंसी ने रविवार को यह रिपोर्ट जानकारी दी है। यह वार्ता तीनों देशों द्वारा दी गई उन चेतावनियों के बाद होने वाली है कि अगर बातचीत फिर से शुरू नहीं होती है, तो ईरान पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध फिर लागू किए जाएंगे। तसनीम ने एक सूत्र के हवाले से बताया कि बातचीत के सिद्धांत पर सहमति बन गई है, लेकिन वार्ता के समय और स्थान पर परामर्श जारी है। जिस देश में वार्ता अगले सप्ताह हो सकती है, वह अभी तक तय नहीं हुआ है। ई3 ने कहा है कि यदि ईरान और अमेरिका के बीच चल रही परमाणु वार्ता फिर से शुरू नहीं होती है या ठोस परिणाम देने में विफल रहती है, तो वे अगस्त के अंत तक तेहरान पर संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों को बहाल कर देंगे।

अराघची ने हाल ही में कहा था कि अगर ईयू/ई-3 कोई भूमिका निभाना चाहते हैं, तो उन्हें जिम्मेदारी से काम करना चाहिए और धमकी और दबाव की घिसी-पिटी नीतियों को त्यागना चाहिए।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान जो भी नई परमाणु सुविधाएं बनाने का फैसला करेगा, उन्हें नष्ट कर दिया जाएगा। उन्होंने फिर से कहा कि जून में अमेरिकी हमलों ने तीन परमाणु स्थलों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया था। उन्हें पुनः सेवा में लाने में वर्षों लगेंगे।इस बीच, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु ऊर्जा का उपयोग करने के अपने देश के वैध अधिकार को दोहराया है।

# एमपी में चार युवकों के साथ बर्बरता के मामले में एक्शन, तीन पुलिसकर्मी किए गए सस्पेंड

**छतरपुर, 21 जुलाई [एजेंसी]।**

मध्य प्रदेश के छतरपुर में नौगांव थाना पुलिस द्वारा चोरी के शक में हिरासत में लिए गए आदिवासी समाज के चार युवकों के साथ बर्बरता का मामला गर्म हो गया है। भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने पुलिस द्वारा युवकों के गुप्तांग में मिर्च पाउडर डालने का आरोप लगाकर एसपी आफिस का घेराव किया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक आगम जैन ने एएसआइ शिव दयाल वाल्मीकि, राम जाट और अरविंद शर्मा को निलंबित कर दिया।ग्राम धर्मपुरा निवासी प्रताप आदिवासी ने बताया कि वह और अन्य युवक 15 जुलाई को शिकारपुरा रोड पर गए थे, तभी पुलिस ने उन्हें चोरी के शक में पकड़ लिया। रात 10.30 बजे पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया, लेकिन 16 जुलाई को फिर से थाने बुलाकर उनके साथ बर्बरता की गई।नौगांव थाना प्रभारी सतीश सिंह ने कहा कि संदिग्ध होने पर पूछताछ की गई थी।

शनिवार को पीड़ितों ने एसपी कार्यालय का घेराव किया। मामले की जांच की जा रही है।उधर, कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने पीड़ितों से मुलाकात की, जिससे राजनीतिक हलचल भी तेज हो गई है। प्रदेश के पर्यटन मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि गहन जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# गाजा में खाना लेने के लिए जुटी थी भीड़, इजरायली सेना ने बरसाई ताबड़तोड़ गोलियां, 67 लोगों की मौत

**यरुशलम।** गाजा में भूख विकराल होती जा रही है और इजरायली सेना भूखों की भीड़ पर गोलियां बरसा रही है। रविवार को खाद्य सामग्री के इंतजार में खड़ी भीड़ पर इजरायली सैनिकों ने फिर फायरिंग की जिसमें 67 लोगों के मारे जाने की सूचना है। करीब दो महीने में इस तरह की घटनाओं में करीब एक हजार लोग मारे जा चुके हैं। इस बीच इजरायली सेना ने गाजा के मध्य भाग के लोगों को इलाका खाली करने के लिए कहा है। कहा कि वह गाजा में अपना अभियान और तेज करेगी। उत्तरी गाजा में इजरायली सैनिकों ने तब फायरिंग की जब हजारों लोग राहत सामग्री लेकर आने वाले संयुक्त राष्ट्र के ट्रकों का इंतजार कर रहे थे। इस सामग्री में खाद्यान्न, पेयजल, दवाइयां और अन्य जरूरी वस्तुएं थीं। इजरायली सेना ने कहा है कि हंगामे और हिंसा की आशंका से बतौर चेतावनी केवल हवा में गोलियां चलाई गईं, किसी को



निशाना नहीं बनाया गया। इस दौरान भगदड़ होने से कुछ लोग मारे गए होंगे। जबकि नजदीकी अस्पताल में गोली लगे 67 लोगों के शव लाए गए हैं और दर्जनों घायल पहुंचे हैं। विदित हो कि शनिवार को दो स्थानों पर खाद्य सामग्री लेने जा रहे लोगों पर फायरिंग में 42 लोग मारे गए थे।इस बीच गाजा के मध्य में स्थित दीर अल-बलाह के लोगों से इजरायली सेना ने इलाका छोड़कर जाने के लिए कहा है। इलाके में इजरायली सेना का अभियान तेज होगा। रविवार को इजरायल के हवाई हमले में यहां के तीन मकान ध्वस्त हो गए। इस हमले में मारे गए लोगों की संख्या अभी पता नहीं चली है। विदित हो कि सात अक्टूबर, 2023 से जारी युद्ध में गाजा में 58 हजार लोग मारे जा चुके हैं और 90 प्रतिशत से ज्यादा आबादी विस्थापित हो चुकी है। हजारों शव बमबारी से ध्वस्त मकानों और भवनों के मलबे में दबे हुए हैं।

सूत्रों के अनुसार इजरायली सेना को सुराग लगा है कि हमास ने इजरायली बंधकों दीर अल-बलाह में रखा हुआ है, इसलिए उन्हें छुड़वाने के लिए इलाका खाली करवाना होना और सैन्य अभियान तेज करना होगा। हमास के कब्जे में अभी करीब 50 बंधक हैं जिनमें से 20 के ही जीवित होने की संभावना है। बंधकों के परिवारीजनों ने अपने प्रियजनों की रिहाई और कुशलता को लेकर सेना से सवाल किए हैं। कहा है कि सैन्य अभियान तेज होने से बंधकों के जीवन को खतरा बढ़ेगा।

# क्रिप्टो प्लेटफॉर्म CoinDCX हैक पलक झपकते ही 378 करोड़ रुपये गायब




**नईदिल्ली, 21 जुलाई [एजेंसी]।**

घरेलू क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज काइनडीसीएक्स पर साइबर हमला हुआ है। इस हमले में कंपनी के खातों से 4.42 करोड़ डालर या 378 करोड़ रुपये की चोरी हुई है। कंपनी के संस्थापकों ने एक्सपोस्ट में भरोसा दिया है कि इस हमले से ग्राहकों का पैसा अप्रभावित और सुरक्षित है। यह चोरी केवल एक आंतरिक परिचालन खाते तक सीमित रही है। कंपनी ने रविवार को बताया कि भारतीय समयानुसार 19 जुलाई को सुबह चार बजे सुरक्षा प्रणालियों ने अपने एक खाते में अनधिकृत पहुंच का पता लगाया। कंपनी का कहना है कि खातों में जमा राशि को जोखिम मुक्त किया जा रहा है।

यह घटना एक बार फिर क्रिप्टोकरेंसी की अत्यधिक अस्थिर दुनिया में बढ़ते सुरक्षा खतरों पर प्रकाश डालती है। पिछले साल, भारत में क्रिप्टो एक्सचेंज वजीरएक्स को हैक का सामना करना पड़ा था। इसमें 23 करोड़ डालर से अधिक का नुकसान हुआ था। यह भारत में इस तरह की सबसे बड़ी चोरी में से एक थी।

# नैनीताल की किशोरी से दुष्कर्म और मतांतरण, 25 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** उत्तराखंड के नैनीताल की किशोरी को बहला-फुसला कर भगा ले जाने, मतांतरण, दुष्कर्म व गर्भपात में मुख्य आरोपित व पीड़िता को शरण देने के मामले में फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी चौथे आरोपित को सिरसिया पुलिस टीम ने दबोच लिया है।तलाशी में उसके कब्जे से तमंचा व दो कारतूस भी बरामद हुआ है। आरोपित के विरुद्ध सामाजिक संस्था सद्भावना के अध्यक्ष योगेंद्र मणि त्रिपाठी की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया था।एसपी घनश्याम चौरसिया ने बताया कि 19 जुलाई को सिरसिया थानाध्यक्ष शैलकांत उपाध्याय टीम साथ भारत-नेपाल सीमा के छोटकी सुइया जाने वाले खड़ंजा रास्ते पर संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान एक व्यक्ति गुलरा-तालबघौड़ा मुख्य मार्ग से खड़ंजा से आते दिखा और पुलिस को देख कर रुक गया। पुलिस ने घेर कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम इसराफिल खान, निवासी बक्सी गांव, थाना नवाबगंज, जिला बहराइच बताया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा 315 बोर, दो कारतूस 315 बोर व 1740 रुपये बरामद हुए। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि 15 जुलाई को मल्हीपुर क्षेत्र में मेरे विरुद्ध किशोरी को भगाने व शरण देने का मामला दर्ज है। इससे मेरी दुश्मनी चल रही है।अपने बचाव के लिए मैं पास में तमंचा और कारतूस रखे हूं।

मल्हीपुर थाने में प्रकरण की जानकारी ली गई तो पता चला कि इसके विरुद्ध अपहरण, शादी के लिए विवश करने, अपहृत को छिपाने या कैद रखने, महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध अपराध करने, महिला की सहमति के बिना गर्भपात कराने व पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज है। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए एसपी की ओर से पुरस्कार भी घोषित गया था। सिरसिया थाने में आरोपित के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय पर भेजा गया है।

# यूपी से हिमाचल तक आफत लेकर आया मानसून, तटीय इलाकों में घुस रहा गंगा का पानी, जयपुर में टूटा बांध



**नईदिल्ली, 21 जुलाई [एजेंसी]।**

मानसून के कारण उत्तर प्रदेश और बिहार समेत कई राज्यों में नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है। प्रयागराज और वाराणसी समेत कई जगहों पर गंगा का जलस्तर बढ़ने से पानी तटीय इलाकों घुस गया है। इससे वहां बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। वहीं मौसम विभाग ने उत्तराखंड, हिमाचल, झारखंड में अगले दो से तीन दिन भारी वर्षा होने की चेतावनी जारी की है।रविवार को जयपुर में नरेना बांध टूट गया, जिससे ग्रामीण इलाकों में बाढ़ की स्थिति बन आई। प्रयागराज 14 तटीय मुहल्लों में पानी घुस गया है। गंगा किनारे 44 गांव बाढ़ के पानी से घिरे हैं। बांदा में यमुना का जलस्तर चार सेंटीमीटर बढ़ा है। जालौन और औरैया में यमुना समेत कई छोटी नदिया उफान पर हैं। इटावा में चंबल का जलस्तर 10 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। हमीरपुर में बेतवा नदी में रविवार दोपहर किशोर समेत दो लोग डूबकर मर गए। वहीं मध्य प्रदेश में मानसून सीजन में अब तक सामान्य से 61 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई है। प्रदेश के पूर्वी व उत्तरी जिलों में नदी-नाले उफान पर हैं। एक दर्जन गांवों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। लद्दाख में भारी वर्षा के कारण नुब्रा घाटी का सड़क संपर्क कट गया। इसमें पांच महिलाओं समेत 21 नागरिक फंस गए जिन्हें वायुसेना के थोइसे एयरबेस पर आश्रय दिया गया। मौसम विभाग ने हिमाचल में 21 से 23 जुलाई तक भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग ने एडवाइजरी जारी करने के साथ लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। मौसम विभाग के अनुसार 21 जुलाई को प्रदेश के सात जिलों में एक-दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा की संभावना है। प्रदेश में अभी तक 1235 करोड़ रुपये का नुकसान आंका गया है।वर्षा और भूस्खलन के कारण 142 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं। मौसम अनुकूल न होने के कारण रविवार को गगल स्थित कांगड़ा एयरपोर्ट पर कोई भी विमान नहीं आया। वहीं उत्तराखंड में मौसम विभाग ने सोमवार को देहरादून, नैनीताल, समेत कई स्थानों पर बहुत भारी वर्षा होने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

झारखंड में मौसम विभाग ने 24 जुलाई तक भारी वर्षा और वज्रपात का पूर्वानुमान जताया है।बिहार में रुक रुक कर हो रही लगातार बारिश से गंगा नदी का जलस्तर पटना व भोजपुर में खतरे के निशान को पार कर गया है। खगड़िया में गंगा, बूढ़ी गंडक और बागमती तेजी से बढ़ रही है। रविवार को गया के टिकारी प्रखंड में मोरहर नदी में आई बाढ़ के पानी में स्नान कर रहे दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। पटना के बख्तियारपुर के टाल क्षेत्र में बाढ़ में टूटकर गिरे करंट प्रवाहित तार की चपेट में आकर पिता-पुत्र की मौत हो गई।राजस्थान के नागौर में सड़क पर तैरने लगीं मछलियां राजस्थान के अधिकतर हिस्से में लगातार हो रही वर्षा से हालात गंभीर बने हुए हैं। कानोता बांध से भी पानी बाहर आ गया है। नागौर जिले में भारी बारिश के कारण रियाबड़ी इलाके में सैकड़ों मछलियां सड़क पर तैरने लगीं। धौलपुर में 24 घंटे की बारिश के बाद पार्वती बांध से पानी छोड़ा गया।

# माता पिता की चिंता खत्म, अब स्कूल में ही अपडेट हो जाएगा बच्चों का आधार कार्ड, जल्द लागू होगी योजना

**नईदिल्ली, 21 जुलाई [एजेंसी]।**

यदि आपका बच्चा पांच साल से ऊपर का हो चुका है और उसका आधार बायोमीट्रिक अपडेट नहीं है तो अब चिंता न करें। अब यह काम स्कूल में ही हो जाएगा और वह भी निशुल्क। असल में यूनीक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) एक नई परियोजना पर काम कर रहा है, जिसके तहत अगले दो महीनों में चरणबद्ध तरीके से स्कूलों के माध्यम से बच्चों के आधार कार्ड के बायोमीट्रिक अपडेट किए जाएंगे। यूआईडीएआई के सीईओ भुवनेश कुमार ने बताया कि सात करोड़ से अधिक बच्चे पांच वर्ष के हो चुके हैं लेकिन उनका बायोमीट्रिक अपडेट नहीं कराया गया है, जोकि अनिवार्य है। उन्होंने कहा- हम माता-पिता की सहमति से स्कूलों के माध्यम से बच्चों के बायोमीट्रिक को अपडेट करने की योजना बना रहे हैं। हम वर्तमान में तकनीक का परीक्षण कर रहे हैं और यह 45-60 दिनों में तैयार हो




जाएगी। अनिवार्य बायोमीट्रिक अपडेट (एमबीयू) का समय पर पूरा होना बच्चों के बायोमीट्रिक डाटा की सटीकता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए आवश्यक है। यदि सात वर्ष की आयु के बाद भी एमबीयू पूरा नहीं किया जाता है तो नियमानुसार आधार संख्या को निष्क्रिय किया जा सकता है।

पांच से सात वर्ष की आयु के बीच एमबीयू निशुल्क है, जबकि सात वर्ष के बाद अपडेट के लिए 100 रुपये का शुल्क लगता है। अपडेटेड बायोमीट्रिक आधार जीवन को सरल बनाता है और स्कूल में प्रवेश, प्रवेश परीक्षाओं के लिए पंजीकरण, छात्रवृत्तियों और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) योजनाओं जैसी सेवाओं का लाभ उठाने में सहूलियत प्रदान करता है।भुवनेश ने आगे कहा- हम 15 वर्ष की आयु पूरी कर चुके बच्चों के लिए दूसरे एमबीयू के लिए स्कूलों और कालेजों के माध्यम से इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। इस परियोजना के तहत यूआइडीएआइ प्रत्येक जिले में बायोमीट्रिक मशीनें भेजेगा, जिन्हें चरणबद्ध तरीके से सभी स्कूलों में ले जाया जाएगा।

# धार्मिक विषय वस्तु को पसंद करने वाले दर्शकों की संख्या बढ़ने से अभिनेताओं का रूझान इस तरफ



बहुत से लोग बचपन से ही पौराणिक कहानियां और लोक कथाएं पढ़ते और टीवी पर देखते आए हैं. अब इन कहानियों को बड़े पर्दे पर ऐसे अंदाज में पेश किया जा रहा है, जो भव्यता और नई कहानी कहने के अंदाज का मेल है, जिन किरदारों को हमने सालों तक पसंद किया, वे अब नए रूप में लौट रहे हैं, नए जमाने के दर्शकों से जुड़ने के लिए. कल्कि 2898 एडी जैसी फिल्मों के बाद अब सिनेमा में पौराणिक कहानियों की वापसी का दौर शुरू हो चुका है. रामायण, महावतार नरसिम्हा और कई अन्य बड़ी फिल्मों के साथ भारतीय पौराणिक कथाएं एक बार फिर सिनेमा की मुख्यधारा में अपनी जगह बनाने को तैयार हैं.

सालों से हमने रामायण की कई कहानियां देखी हैं, लेकिन नितेश तिवारी की आने वाली रामायण अब तक की सबसे भव्य होने वाली है. इसमें राम के रूप में रणबीर कपूर, सीता के रूप में साई पल्लवी, रावण के रूप में यश, हनुमान के रूप में बॉबी देओल और लक्ष्मण के रूप में रवि दुबे नजर आएंगे. दो भागों में बनने वाली ये फिल्म आईमैक्स पर पूरी दुनिया में रिलीज होगी, पहला भाग दिवाली 2026 में, और दूसरा दिवाली 2027 में सिनेमाघरों में दस्तक देगा. यह फिल्म पौराणिक कथाओं को पसंद करने वालों के लिए एक खास सिनेमाई अनुभव देने वाली है.

'महावतार नरसिंह' महावतार सिनेमैटिक यूनिवर्स की पहली फिल्म है, एक नई शुरुआत करने वाली सात फिल्मों की एनिमेटेड सीरीज, जिसमें भगवान विष्णु के दस अवतारों की कहानी दिखाई जाएगी. इस फिल्म को क्लीम प्रोडक्शंस ने बनाया है और इसे होम्बले फिल्म्स पेश कर रही है. कहानी भगवान विष्णु के चौथे अवतार नरसिम्हा पर आधारित है, आधे सिंह और आधे मानव वाले उस रूप पर, जो अपने भक्त की रक्षा के लिए बुराई का अंत करते हैं. 25 जुलाई को यह फिल्म 3डी में और पांच भाषाओं में रिलीज होगी, जिससे भारत का अब तक का सबसे बड़ा माइथोलॉजिकल फ्रेंचाइज़ लॉन्च होगा.

जय हनुमान एक बड़ी धार्मिक कहानी पर बनी फिल्म है, जिसमें ऋषभ शेट्टी भगवान हनुमान का रोल निभा रहे हैं. इसे हनुमान फिल्म बनाने वाले डायरेक्टर प्रसांत वर्मा ने बनाया है. फिल्म को भूषण कुमार और मैथरी मूवी मेकर्स ने मिलकर बनाया है. इसके जरिए भारत का अपना सुपरहीरो यूनिवर्स शुरू करने की तैयारी है। इसमें भगवान की कहानियों को नए तरीके से दिखाया जाएगा, जिससे यह फिल्म भारतीय संस्कृति और दुनिया भर के दर्शकों को पसंद आएगी.

आमिर खान ने हाल ही में बताया कि वह महाभारत को प्रोड्यूस करने जा रहे हैं. उन्होंने वादा किया है कि यह फिल्म कुछ ऐसा लेकर आएगी जो आज तक किसी ने नहीं देखा होगा. फिलहाल फिल्म से जुड़ी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन इस खबर ने दर्शकों में जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है.

कंतारा: चैप्टर 1 एक ऐसी कहानी है, जिसका इंतजार लोग कर रहे हैं। यह फिल्म कंतारा से पहले की कहानी बताएगी. इसमें दिखाया जाएगा कि इंसान, प्रकृति और भगवान के बीच खास रिश्ता कैसे शुरू हुआ. यह कहानी पुराने समय की है और इसमें लोककथा और आस्था की झलक मिलेगी. ऋषभ शेट्टी इसे अपने अंदाज में 2 अक्टूबर 2025 को लेकर आ रहे हैं.



## इलाका सीरीज में कैसा होगा अपूर्वा अरोड़ा का किरदार, एक्ट्रेस ने किया खुलासा

हिंदी, गुजराती, पंजाबी और कन्नड़ फिल्मों की जानी-मानी अभिनेत्री अपूर्वा अरोड़ा जल्द ही नई वेब सीरीज इलाका में अविवा का किरदार निभाती नजर आएंगी।

इलाका सीरीज में अविवा साउथ बॉम्बे की एक अमीर लड़की है। वह एक ऐसे लड़के से प्यार कर बैठती है जो मुंबई के चॉल में रहता है। वह लोगों को उनके परिवार, पैसे या समाज में उनकी स्थिति से नहीं देखती। वह हर किसी को उनकी असली पहचान, उनके दिल और उनके अच्छे गुणों से देखती है। वह प्यार और इंसानियत को सबसे ऊपर रखती है।

अपूर्वा ने कहानी के बारे में ज्यादा कुछ नहीं बताया, लेकिन उन्होंने कहा कि अविवा और उसके बॉयफ्रेंड का रिश्ता एक ऐसी उम्मीद की किरण बन जाता है जो प्रेम कहानियों में खुशियों की रोशनी लेकर आता है।

उन्होंने कहा, अविवा बहुत अमीर लड़की है जो साउथ बॉम्बे से है, और वह एक चॉल के लड़के को डेट कर रही है। उसे लोगों के सोशल स्टेटस की परवाह नहीं है, वह लोगों को उनकी असली पहचान से देखती है। उसका दिल बहुत साफ और सच्चा है। इस सीरीज में कई रहस्य और रोमांच हैं, इसलिए मैं कहानी के बारे में ज्यादा नहीं बता सकती, लेकिन अविवा और उसके बॉयफ्रेंड का रिश्ता इस मुश्किल दुनिया में खुशियां लेकर आता है।

हाल ही में मेकर्स ने सीरीज का ट्रेलर रिलीज किया, जिसमें दिखाया गया है कि यहां सब कुछ वैसा नहीं होता जैसा दिखता है। लोग और उनके इरादे अक्सर अलग होते हैं। कहानी जैसे-जैसे आगे बढ़ती, अपूर्वा का किरदार खास और असरदार छाप छोड़ता जाता है। ये कहानी रिश्ते की जटिलता, प्यार, तनाव, टकराव और रहस्य से भरी हुई है।

अपूर्वा ने अक्षय कुमार की फिल्म हॉलिडे में उनकी बहन का किरदार निभाया था। इसके अलावा, वह परेश रावल और अक्षय कुमार की फिल्म ओ माय गॉड का भी हिस्सा रहीं।

## सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर मचाया तहलका, डबल डिजिट में खुला अहान पांडे-अनीत की फिल्म का खाता

मोहित सूरी एक बेहतरीन निर्देशक हैं, जो आशिकी 2 से लेकर एक विलेन जैसी अपनी कई फिल्मों से यह साबित भी कर चुके हैं। 18 जुलाई को उनकी फिल्म सैयारा आई तो फिल्म देखने के लिए दर्शकों की भीड़ सिनेमाघरों में उमड़ पड़ी। पहले ही दिन अहान पांडे और अनीत पड्डा जैसे नए कलाकारों की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बड़े-बड़े सितारों की फिल्मों को मात दे दी। आइए जानें उनकी इस फिल्म ने कितनी कमाई की।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक सैयारा ने रिलीज के पहले दिन 20 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। हालांकि, ये शुरुआती आंकड़े हैं और आधिकारिक डाटा आने के बाद इनमें थोड़ा बहुत बदलाव हो सकता है। नए कलाकारों अहान पांडे और अनीत पड्डा ने सैयारा में अपनी एक्टिंग से बॉक्स ऑफिस पर ऐसा धुआं उड़ाया है कि इन्होंने इस साल आई आमिर खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन जैसे बड़े सितारों की फिल्मों को भी धूल चटा दी है। आमिर की फिल्म सितारे जमीन पर ने पहले दिन 10.70 करोड़ रुपये की कमाई की थी तो अक्षय की फिल्म स्काई फोर्स ने 15.30 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। उधर अजय की रेड 2 ने 19.71 करोड़ रुपये के साथ अपना खाता खोला था। सैयारा का बजट 50 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।

# आईलाइनर खरीदते समय इन बातों का रखें ध्यान, होगा सही चयन



आंखों को आकर्षक बनाने के लिए कई महिलाएं आईलाइनर का इस्तेमाल करती हैं। हालांकि, बाजार में आईलाइनर के कई प्रकार मौजूद हैं, जिससे सही आईलाइनर चुनने में थोड़ी उलझन हो सकती है। सही आईलाइनर का चयन करने के लिए आपको अपनी आंखों की आकृति, त्वचा का प्रकार और व्यक्तिगत पसंद को ध्यान में रखना चाहिए। आइए आज हम आपको आईलाइनर खरीदते समय ध्यान रखने योग्य बातें बताते हैं।

आंखों की आकृति को समझें

आईलाइनर खरीदते समय सबसे पहले अपनी आंखों की आकृति को समझें। अगर आपकी आंखें छोटी हैं तो पतला और महीन आईलाइनर चुनें, जिससे आपकी आंखें बड़ी और खुली नजर आएंगी, वहीं अगर आपकी आंखें बड़ी हैं तो मोटे और गहरे रंग के आईलाइनर का चयन करें, जिससे आपकी आंखें और भी आकर्षक लगेंगी। इसके अलावा अपनी आंखों की बनावट के अनुसार आईलाइनर का इस्तेमाल करें ताकि आपका लुक बेहतरीन लगे।

त्वचा के प्रकार पर ध्यान दें

आईलाइनर खरीदते समय अपनी त्वचा के प्रकार पर भी ध्यान दें। अगर आपकी त्वचा तैलीय है तो पानी वाले या जेल जैसे आईलाइनर का चयन करें क्योंकि ये लंबे समय तक टिके रहते हैं, वहीं सूखी त्वचा वालों को क्रीमी या काजल जैसे आईलाइनर चुनना चाहिए, जो उनकी आंखों को नमी देगा। इसके अलावा संवेदनशील त्वचा वालों को ऐसे आईलाइनर का चयन करना चाहिए जिसमें हानिकारक रसायन न हों।

रंग का चयन करें-आईलाइनर का रंग भी बहुत अहम होता है। अगर आप रोजमर्रा की जिंदगी में इस्तेमाल करने योग्य आईलाइनर चाहते हैं तो काले या भूरे रंग का चयन करें क्योंकि ये हर तरह के लुक के साथ मेल खाते हैं, वहीं पार्टी या खास अवसरों पर आप नीले, हरे या बैंगनी रंग के आईलाइनर का चयन कर सकती हैं, जो आपके लुक को और भी खास बनाएंगे। इसके अलावा अपनी आंखों के रंग के अनुसार भी रंग चुनें।

ब्रांड पर ध्यान दें

आईलाइनर खरीदते समय ब्रांड का चयन करना भी जरूरी होता है। हमेशा किसी अच्छे और भरोसेमंद ब्रांड का आईलाइनर खरीदें ताकि उसकी गुणवत्ता अच्छी हो और वह आपकी उम्मीदों पर खरा उतरे। अच्छे ब्रांड्स आमतौर पर उच्च गुणवत्ता वाले सामग्री का उपयोग करते हैं, जिससे उनका आईलाइनर लंबे समय तक टिकता है और आपकी आंखों को बेहतरीन लुक देता है। इसके अलावा ब्रांड की ग्राहक समीक्षाओं को भी देखें ताकि आपको सही जानकारी मिले।

इस्तेमाल करने का तरीका जानें

आईलाइनर खरीदने के बाद उसका सही तरीके से इस्तेमाल करना सीखना भी जरूरी होता है ताकि आप उसका पूरा फायदा उठा सकें। आईलाइनर लगाने से पहले अपनी आंखों को साफ रखें और प्राइमर लगाएं ताकि आईलाइनर आसानी से लगे। इसके बाद धीरे-धीरे आईलाइनर को अपनी आंखों के ऊपर लगाएं और अगर जरूरत हो तो दोबारा लगाएं। इस तरह आप सही आईलाइनर चुनकर उसे सही तरीके से इस्तेमाल करके अपनी आंखों को आकर्षक बना सकती हैं।

## ब्लैक साड़ी में एली अवराम ने बढ़ाया इंटरनेट का तापमान, इंस्टाग्राम पर शेयर कीं ग्लैमरस तस्वीरें




बॉलीवुड एक्ट्रेस एली अवराम अपने स्टाइल और बोल्डनेस को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं. इस बार उन्होंने ब्लैक साड़ी में अपनी लेटेस्ट तस्वीरों से सोशल मीडिया का पारा चढ़ा दिया है. एली ने यह तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं, जो कुछ ही घंटों में वायरल हो गईं. तस्वीरों में एली ब्लैक साड़ी में बेहद ग्लैमरस और एलिगेंट लग रही हैं. डीप नेक ब्लाउज़, खुले बाल और मिनिमल मेकअप ने उनके लुक को और भी आकर्षक बना दिया. एली की ये तस्वीरें फैशन और फिल्मी गलियारों में चर्चा का विषय बन चुकी हैं.एली की पोस्ट पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं. किसी ने उन्हें गॉर्जियस कहा तो किसी ने साड़ी क्वीन. इंस्टाग्राम पर उनके इस पोस्ट को हज़ारों लाइक्स और ढेरों कमेंट्स मिल चुके हैं.एली अवराम का ये अंदाज़ एक बार फिर साबित करता है कि वह न केवल एक टैलेंटेड एक्ट्रेस हैं, बल्कि स्टाइल और ग्लैमर की दुनिया में भी उनका कोई जवाब नहीं. फैंस अब उनकी अगली स्क्रीन अपीयरेंस का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. एली अवराम का यह ट्रेडिशनल लेकिन बोल्ड अंदाज़ फैशन लवर्स के लिए एक परफेक्ट इंस्पिरेशन बन गया है. ब्लैक साड़ी में उनका ये लुक यह दर्शाता है कि पारंपरिक परिधानों को भी मॉडर्न टच के साथ कैसे कैरी किया जा सकता है. उनके कॉन्फिडेंस और ग्रेस ने इस आउटफिट को और भी खास बना दिया है. एली की ये तस्वीरें यह भी साबित करती हैं कि वो सिर्फ एक फैशन आइकन नहीं, बल्कि ट्रेंडसेटर भी हैं, जो हर बार अपने लुक से फैंस को चौंका देती हैं.

## बालों को स्टाइल करने के लिए हेयर कर्लर का करें इस्तेमाल

हेयर कर्लर एक ऐसा उपकरण है, जिसका सही इस्तेमाल आपके बालों को खूबसूरत और स्टाइलिश बना सकता है। हालांकि, इसे इस्तेमाल करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है ताकि आपके बालों को नुकसान न हो और आप बेहतरीन परिणाम पा सकें। इस लेख में हम आपको कुछ जरूरी टिप्स देंगे, जिनसे आप अपने हेयर कर्लर का सही उपयोग कर सकते हैं और अपने बालों को आकर्षक बना सकते हैं।

हेयर कर्लर का उपयोग करने से पहले अपने बालों को अच्छी तरह से धो लें और उन्हें पूरी तरह से सुखा लें। गीले बालों पर कर्लर का उपयोग करने से बाल टूट सकते हैं और उनका स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। इसलिए हमेशा पहले बालों को शैंपू और कंडीशनर करें, फिर उन्हें तौलिये से अच्छी तरह सुखाएं। इसके बाद ही हेयर कर्लर का उपयोग करें ताकि आपके बाल स्वस्थ और मजबूत बने रहें। हेयर कर्लर से पहले हीट प्रोटेक्टेंट लगाना बहुत जरूरी है। यह आपके बालों को गर्मी से होने वाले नुकसान से बचाता है। हीट प्रोटेक्टेंट बालों को नमी प्रदान करता है और उन्हें टूटने से रोकता है। हीट प्रोटेक्टेंट लगाने के बाद कुछ मिनट इंतजार करें ताकि यह अच्छी तरह से बालों में समा जाए। इसके बाद ही हेयर कर्लर का उपयोग करें। इससे आपके बालों की चमक बनी रहती है और वे स्वस्थ दिखते हैं। हेयर कर्लर का सही तापमान चुनना बहुत जरूरी है क्योंकि गलत तापमान से आपके बाल जल सकते हैं या फिर ठीक से कर्ल नहीं बनते हैं। अगर आपके बाल पतले हैं तो कम तापमान पर कर्ल करें और मोटे बालों के लिए अधिक तापमान बेहतर रहता है। इससे आपके बालों को नुकसान नहीं होगा और आपको बेहतरीन परिणाम मिलेगा। सही तापमान चुनने से आपके बाल स्वस्थ और चमकदार बने रहते हैं, जिससे आपका लुक भी खास लगता है। हेयर कर्लर का उपयोग करते समय छोटे-छोटे हिस्से लें ताकि हर हिस्सा बराबर तरीके से कर्ल हो सके। बड़े हिस्से लेने से कुछ हिस्से सही तरीके से कर्ल नहीं हो पाते और लुक बेकार लगता है। इसलिए हमेशा छोटे-छोटे हिस्से लेकर ही कर्ल करें। इससे आपके बालों को बेहतरीन आकार मिलेगा और वे ज्यादा आकर्षक दिखेंगे।



इस तरह आप अपने हेयर स्टाइल को अच्छे तरीके से बना सकते हैं और हर हिस्से को बराबर तरीके से कर्ल कर सकते हैं। हेयर कर्लर का उपयोग करते समय धैर्य रखना बहुत जरूरी है। जल्दीबाजी करने से अच्छे परिणाम नहीं मिलते हैं। हर हिस्से को अच्छे से कर्ल करें और ध्यान रखें कि सभी हिस्से बराबर तरीके से स्टाइल हों। इस तरह आप अपने हेयर स्टाइल को अच्छे तरीके से बना सकते हैं और हर हिस्से को बराबर तरीके से कर्ल कर सकते हैं।

## सू- दोकू क्र.115

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

नियम

1. कुल 81 वर्ग हैं,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

### सू-दोकू क्र.114 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

## शब्द सामर्थ्य -115

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**

1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्यभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**

1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 114 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | | | | खा | म | खाँ |
| णे | | ल | | झ | प | की | | |
| श | र | ब | त | | रं | | | मि |
| | ज | गा | ना | | प | रा | का | ष्ठा |
| | नी | र | | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | | | प | | | य | |
| म | र | णा | स | न्न | | पा | नी | |
| ची | | | प | | पा | | | भो |
| न | ज | रा | ना | | स | मा | चा | र |

## बागी 4 को लेकर सोनम बाजवा ने दी नई अपडेट

मशहूर पंजाबी अभिनेत्री सोनम बाजवा ने टाइगर श्रॉफ के साथ अपनी दूसरी बॉलीवुड फिल्म बागी 4 की शूटिंग पूरी कर ली है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी है। सोनम बाजवा ने एक पोस्ट में अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें क्लैपरबोर्ड के साथ पोज दे रही हैं। इसके साथ उन्होंने एक पोस्ट भी लिखी है और फिल्म के बारे में जानकारी दी है। सोनम बाजवा ने सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है और बस यूं ही बागी 4 की शूटिंग पूरी हो गई। यह मेरी दूसरी हिंदी फिल्म है। यह एक ऐसा सफर है जो जोश और विश्वास से बुना गया है। मेरे शानदार निर्देशक ए. हर्षा, हमारे दूरदर्शी निर्माता साजिद सर, मेरे अद्भुत सह-कलाकार टाइगर श्रॉफ और इस कहानी में अपना सब कुछ देने वाली दीप्ती जिंदल समेत हर व्यक्ति का आभार। इस अध्याय को आपके साथ साझा करने के लिए बेताब हूं। बाजवा ने खुलासा किया कि फिल्म के लिए एक डांस नंबर की शूटिंग ने उनके बचपन के सपने को पूरा कर दिया है।

# कोरिया के अमर पुत्र डॉ. रामचंद्र सिंह देव को पुण्यतिथि पर कोरिया जिले की भावभीनी श्रद्धांजलि





**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के इतिहास में यदि कोई नाम सच्चे जनसेवक, महान नेता और जन-जन के हितैषी के रूप में ससम्मान लिया जाता है, तो वह नाम है डॉ. रामचंद्र सिंह देव।

कोरिया रियासत के राजपरिवार से संबंध रखने वाले डॉ. सिंह देव ने अपनी राजनीतिक जीवन यात्रा में सेवा, सादगी और सिद्धांतों की जो मिसाल पेश की, वह आज भी कोरिया जिले के नागरिकों के दिलों में जीवित है। उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर कोरिया जिले सहित पूरे बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र में उन्हें श्रद्धांजलि देने का तांता लगा रहा। हर गली, चौराहे, ग्राम और कस्बे में उनके जीवन और कार्यों को स्मरण करते हुए नागरिकों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. रामचंद्र सिंह देव का जन्म एक राजसी परिवार में हुआ था। वे कोरिया रियासत के प्रमुख वंशज थे, किंतु उन्होंने अपनी पहचान केवल राजपरिवार के सदस्य के रूप में सीमित नहीं रखी, बल्कि उन्होंने अपने समर्पण, सामाजिक सरोकार और राजनीतिक समझ के बलबूते एक जनप्रिय नेता की पहचान बनाई। उन्होंने राजनीति में सेवा और सादगी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उन्होंने जनता की समस्याओं को अपनी प्राथमिकता माना। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, जल आपूर्ति जैसे मुद्दों पर डॉ. सिंह देव की पकड़ और संजीदगी स्पष्ट रूप से देखी जाती थी। चाहे ग्रामीण इलाका हो या शहरी क्षेत्र, हर जगह उनकी उपस्थिति आम लोगों को भरोसा देती थी कि कोई है जो उनकी आवाज बनकर शासन तक उनकी बात पहुंचाएगा। डॉ. रामचंद्र सिंह देव की लोकप्रियता इस बात से आंकी जा सकती है कि उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में कभी चुनाव नहीं हारा। जिले की आम नागरिकों के बीच हमेशा हमेशा के लिए अमर रह गई। श्रद्धांजलि सभा के अवसर पर कोरिया जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता योगेश शुक्ला जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष तथा नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के पूर्व अध्यक्ष अशोक जायसवाल, रवि शंकर राजवाड़े, संगीता राजवाड़े बृजवासी तिवारी सत्य प्रकाश तिवारी, सोहन स्वामी, शहित कोरिया जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी कार्यकर्ता तथा सांसद प्रतिनिधि गण एवं दूर दराज से आए ग्रामीण अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## बस ने मोटरसाइकिल सवार को कुचला, मौके पर हुई मौत

**रामानुजगंज।** बलरामपुर जिले के पुलिस चौकी बलंगी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तुगवा में बैढ़न से अंबिकापुर जाने वाली छाबड़ा बस मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मारकर कुचल दिया। जिससे मोटरसाइकिल सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित चालक मौके से फरार हो गया है। इधर, पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार, बैढ़न से अंबिकापुर जाने वाली छाबड़ा बस क्रमांक (सीजी 15 ईबी 3054) बलंगी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तुगवा में आज रविवार को करीब 11 बजे एक मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मारकर कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित बस चालक घटनास्थल से फरार हो गया है। पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।मिली जानकारी अनुसार, मोटरसाइकिल सवार की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है। एसडीओपी राम अवतार ध्रुव ने बताया कि, फिलहाल बस चालक फरार है। घटनास्थल पर पुलिस टीम पहुंच गई है। बस के चक्के में फंसे मृतक को बाहर निकाला जा रहा है। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए रघुनाथनगर अस्पताल भेज दिया जाएगा। फिलहाल मृतक का शिनाख्त नहीं हो पाया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## केशरवानी वैश्य समाज का सामाजिक सम्मेलन सम्पन्न

**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 9 में स्थित टाउन हॉल में केशरवानी वैश्य सभा के द्वारा सामाजिक सम्मेलन एवं सावन उत्सव कार्यक्रम का बृहद आयोजन समाज के संरक्षक गौरी शंकर केसरी, रामेश्वर केसरी,हरिद्वार केसरी, दिलीप केसरी के विशेष उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक, खेलकूद एवं बौद्धिक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई जिसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि कश्यप के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन पूजा अर्चना एवं आरती के साथ प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष वेद प्रकाश केशरी एवं सचिव सत्य प्रकाश केशरी ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है की नगर में आयोजित समाज के कार्यक्रम में इतनी संख्या में लोग एकत्रित हुए हैं निश्चित रूप से ऐसे आयोजन से समाज को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आयोजन को लेकर दो माह पूर्व से तैयारियां प्रारंभ कर दी गई थी। केसरवानी तरुण सभा के अध्यक्ष धर्म प्रकाश केशरी एवं सचिव नयन केसरी ने कहां की समाज के सभी लोगों के सहभागिता से आयोजन संपन्न हो रहा है। केसरवानी महिला सभा के अध्यक्ष शोभा गुप्ता एवं सचिव प्रियंका केसरी ने कहा कि समाज के आयोजन में इतनी संख्या में महिलाओं का आना निश्चित रूप से महिलाओं के जागरूकता का परिचायक है। लंबे समय के बाद समाज के द्वारा आयोजन को लेकर समाज के लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। इस दौरान प्रेमनाथ केसरी,संजय केसरी संतोष केसरी, जितेश केसरी,देवेंद्र केशरी, मुकेश केसरी, रूपेश केसरी, रिशु केसरी,आर्यन केसरी, धोनी केसरी, सन्नी केशरी, आनंद केसरी, योगेश केसरी, हिमांशु केसरी, मितेश केसरी, ज्ञान केसरी,बंटी केशरी, जस्सू केसरी, प्रियांशु केसरी, एकता केसरी, पूजा केसरी, आरती केसरी, रिंकी केसरी संगीता केसरी, पूनम केसरी,इंदु केशरी,सुप्रिया केशरी सहित अरागाही, तातापानी,बगरा,वाड्रफनगर झारखंड के गोदरमाना, मर्दा बरगढ़, भंडारिया के केशरवानी समाज के लोग उपस्थित रहे। सामूहिक सहभोज का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आकर्षक संचालन आलोक केसरी एवं आभार प्रदर्शन सत्य प्रकाश केशरी ने किया। केसरवानी वैश्य सभा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान समाज के नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एक से बढ़कर एक प्रस्तुत किया जिसकी जमकर प्रशंसा हुई। भाग लेने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। सावन उत्सव कार्यक्रम के दौरान मंदिरों में वृक्षारोपण किया गया।

## पुरानी रंजिश के चलते युवक की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** भवानी नगर खदान के पास स्थित मैदान के पास दो युवकों ने एक युवक पर रॉड व कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक सुनील राव 24 वर्ष भवानी नगर खम्हारडीह का रहने वाला था। बताया जाता है कि भवानी नगर खदान के पास बैठा था, तभी आरोपी राहुल यादव 20 वर्ष और प्रकाश यादव 19 वर्ष आया और पुरानी रंजिश के चलते सुनील राव से विवाद कर रॉड एवं कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। मामले में खम्हारडीह पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लिया है।

## ऑटो सेंटर के पास खड़ी मोपेड पार

**रायपुर।** भाठागांव स्थित बॉबी ऑटो सेंटर के पास खड़ी मोपेड को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दीपक अग्रवाल 51 वर्ष राधास्वामी नगर पुरानी बस्ती का रहने वाला है। प्रार्थी अपनी मोपेड क्रमांक सीजी 04 एमएम 6020 को बॉबी ऑटो सेंटर के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए मोपेड की कीमत करीब 5 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## तलवार लहराते दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** कोतवाली पुलिस ने गांधी मैदान के पास तलवार लहराते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से तलवार जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गांधी मैदान के पास दो युवक तलवार लेकर आतंक फैला रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी विजय साल्वे 20 वर्ष और राहुल कश्यप 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से तलवार जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## महासमुंद का तीरंदाजी में शिखर की ओर सफर

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ का महासमुंद जिला आज खेलों के क्षेत्र में एक नई पहचान गढ़ रहा है। खासकर तीरंदाजी जैसे पारंपरिक खेल प्रतिस्पर्धी खेल में जिले के 23 प्रतिभाशाली खिलाड़ी देश की प्रतिष्ठित खेल अकादमियों में प्रशिक्षण लेकर न केवल अपने सपनों को साकार कर रहे हैं, बल्कि जिले, राज्य और देश का नाम भी रोशन कर रहे हैं। महासमुंद की पद्मा साहू, जिन्होंने भारतीय खेल प्राधिकरण बहालगढ़, सोनीपत (हरियाणा) में दाखिला पाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं, आज जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। उनकी शुरुआत भी महासमुंद की धरती से ही हुई थी। 38वें नेशनल गेम्स, उत्तराखंड 2025 में महासमुंद की चांदनी साहू ने तीरंदाजी में व्यक्तिगत इंडियन राउंड में रजत पदक तथा टीम इवेंट में कांस्य पदक जीतकर जिले को गौरवान्वित किया। इसके लिए उन्हें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा 3,20,000 (रजत) और 1,20,000 (कांस्य) की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। 31वीं सीनियर, 44वीं जूनियर व 40वीं सब-जूनियर नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप में महासमुंद के खिलाड़ियों चांदनी साहू, सत्यभामा साहू, पद्मा साहू, जया साहू, नवलीन कौर, तोरण यादव, कमलेश साहू आदि ने हिस्सा लिया।

# बैजनाथ धाम जाने वाले काँवरियों के लिए की गई नि:शुल्क रुकने व भोजन की व्यवस्था

**रामानुजगंज।** रामानुजगंज नगर में वार्ड क्रमांक 13 में स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन में पवित्र सावन माह प्रारम्भ होने के चार दिन पूर्व से झारखंड के बाबा बैजनाथ धाम जाने वाले कावरियो के रूकने एवं भोजन की निशुल्क व्यवस्था कांवरिया सेवा समिति रामानुजगंज के द्वारा प्रारंभ कर दी गई थी। प्रतिदिन यहां बड़ी संख्या में कावड़ यात्री पहुंच रहे है। नगर वासियों का अलग-अलग समूह कावड़ यात्रियों की सेवा में लगा हुआ है, नगर के वरिष्ठ व्यापारियों का समूह एवं ज्ञान यज्ञ परिवार के सदस्यों के द्वारा भी कावड़ यात्रियों की सेवा की गई। विदित हो कि नगर पालिका अध्यक्ष एवं कांवरिया सेवा समिति के प्रमुख रमन अग्रवाल के नेतृत्व में विगत कुछ वर्षों से नगर में कावड़ यात्रियों के लिए निशुल्क भोजन एवं रुकने की व्यवस्था नगरवासियों के सहयोग से की जा रही है। रामानुजगंज से रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, कवर्धा, शहडोल, अनूपपुर सहित अन्य शहरों की दूरी 350द्मद्व से 500द्मद्व के लगभग है। इसी प्रकार मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र से भी कावड़ यात्री इसी मार्ग से जलाभिषेक करने देवघर जाते हैं देवघर की दूरी रामानुजगंज से लगभग 450 किमी है लंबी दूरी की यात्रा के कारण लोग काफी थक जाते हैं ऐसे में छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर और झारखंड की सरहद के



पहले बसा शहर रामानुजगंज में विश्राम करने के बाद आगे की यात्रा कावड़ यात्रियों के लिए थोड़ी आरामदायक हो जाती है। नगर के वरिष्ठ व्यापारियों एवं ज्ञान यज्ञ परिवार के सदस्य कन्हैया लाल अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, मोहन गुप्ता, रामेश्वर गुप्ता, दिलीप केसरी, संजय अग्रवाल, राजू फिल्प्स, रमेश गुप्ता, रवि रंजन पाल सहित अन्य लोगो के द्वारा भी कांवड़ यात्रियों की सेवा की गई। छत्तीसगढ़ सहित मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के विभिन्न स्थानों से आने वाले शिव भक्तों की सेवा में प्रमुख रूप से सुभाष केसरी, रामशंकर दूबे, टी आर शर्मा, पार्षद सुमित गुप्ता, सुरेश पुरी, विजय रावत, अर्जुन दास, रमेश गुप्ता, पवन गुप्ता, अनुप कश्यप मुकेश जायसवाल, अजीत गुप्ता, अशोक जैन, अजय केसरी, अजय गुप्ता नप, महेश अग्रवाल, बब्बन सिंह, प्रमोद कश्यप, दशरथ ठाकुर, राजेश अग्रवाल, बालकेश प्रजापति, बहादुर सिंह, छट्ठू गुप्ता, संजय कश्यप, विनोद केसरी, निशांत गुप्ता, आशीष गुप्ता, बंसी गुप्ता, अनिल प्रजापति, राम ध्यान गुप्ता, रंजीत गुप्ता, सुरेश गुप्ता सहित दुख हरेश्वर महादेव मंदिर समिति, नर्मदेश्वर महादेव मंदिर समिति, ओंकारेश्वर महादेव मंदिर समिति के सदस्यों सहित नगरवासी सक्रिय हैं। शिवभजन से गूंजायमन हो रहा है मांगलिक भवन नगर वासियों के द्वारा पूरे भक्ति भाव एवं श्रद्धा के साथ कावड़ यात्रियों की सेवा की जा रही है यहां आने वाले कावड़ यात्री रामानुजगंज वासियों के द्वारा की जा रही सेवा भाव की प्रशंसा करते नहीं थक रहे हैं वहीं शिव भक्तों के भजन कीर्तन से पूरा मांगलिक भवन गुंजायमान हो रहा है। सेवा के लिए 24 घंटे तत्पर रह रहे हैं सेवादार प्रतिदिन अलग-अलग समूह के द्वारा कावड़ यात्रियों की सेवा की जा रही है परंतु कभी-कभी अचानक से एक साथ बहुत अधिक संख्या में कावड़ यात्रियों के आगमन होने से अधिक सेवादारों की आवश्यकता होती है ऐसे में कांवरिया सेवा समिति के द्वारा कावड़ यात्रियों की सेवा के लिए बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप में सूचना देने पर तत्काल नगर वासी कावड़ यात्रियों की सेवा के लिए पहुंच जाते हैं। लोगों में सेवा को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। मेले जैसा माहौल हो जाता है निर्मित बीती रात छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों से सैकड़ो की संख्या में कावड़ यात्री मांगलिक भवन पहुंचे वही मध्य प्रदेश के उज्जैन से महाकाल का दर्शन कर देवघर जा रहे नागा साधुओं की दो टोली भी मांगलिक भवन पहुंची थी जिससे यहां का माहौल पूरा भक्ति मय हो गया एक तरफ साधु सन्यासी दूसरी ओर कावड़ यात्री सभी अपने शिव भक्ति में रमे नजर आए। देर रात तक भजन कीर्तन चलता रहा। पूरा परिसर में मेले जैसा माहौल देर रात तक बना रहा।

## खेत में काम कर रहे युवक पर आसमान से इस रूप में गिरी आफत, जल गया पूरा शरीर, दूसरा झुलसा



**कुसमी।** बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के सामरीपाठ थाना क्षेत्र अंतर्गत कुटकु गांव में शुक्रवार को धान की रोपाई के खेत तैयार करते समय अचानक आसमान से आफत आ गिरी। हादसे में युवक का पूरा शरीर झुलस गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बगल के खेत में काम कर रहा एक अन्य ग्रामीण झुलस गया। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। दरअसल घटना के दौरान अचानक मौसम का रुख बदल गया और तेज गरज-चमक के साथ बारिश होने लगी थी। बलरामपुर जिले के सामरीपाठ निवासी रमेश यादव पिता फूलचंद यादव 35 वर्ष शुक्रवार को धान की रोपाई के लिए अपने खेत कुटकु के अंवरादोहर नगया था। उसके साथ डूमरखोली का एक मजदूर भी था। खेत तैयार करने के दौरान दोपहर करीब 3.45 बजे अचानक तेज बारिश के साथ गरज-चमक शुरु हो गई। इसी बीच वहां आकाशीय बिजली आ गिरी। इससे उसका पूरा शरीर जल गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं साथ काम कर रहा मजदूर भी झटके से दूर जा गिरा और उसके शरीर का कुछ हिस्सा भी झुलस गया। बगल के खेत में काम कर रहे भीम यादव की सूचना पर परिजन द्वारा दोनों को अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने रमेश को मृत घोषित कर दिया, जबकि प्राथमिक उपचार के बाद मजदूर को छुट्टी दे दी गई।

# तीस बाल श्रमिकों का किया रेस्क्यू- बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत

### जिला बाल संरक्षण ईकाई के साथ संयुक्त टीम ने की कार्यवाही

**सूरजपुर।** जिला कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण ईकाई बाल श्रमिकों पर कार्यवाही कर रही है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल को ग्रामिणों द्वारा सूचना दी गई कि रामानुजनगर के दुरस्त ग्राम के छोटे छोटे बच्चों को रोपा लगाने के लिए गाड़ियों में भर कर दूसरे गांव ले जाया जाता है, और इससे गांव में स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति नगण्य है। जिसकी जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल को दी गई। बंसल ने तत्काल रेस्क्यू टीम बनाकर सुबह दबिश देकर अभियान चलाने का निर्देश दिया। जिला बाल बाल संरक्षण ईकाई के संरक्षण अधिकारी अखिलेष सिंह चाईल्ड हेल्प लाईन समन्वयक जनार्दन यादव के साथ श्रम विभाग, पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही की गई, जिसमें एक पीकअप वाहन,दो ऑटो एवं एक अल्टो कार मे 30 बच्चे एवं लगभग 30 बडे सवार होकर दूसरे गांव रोपा लगाने जा रहे थे। जिसमें 12 प्राथमिक शाला, 10 माध्यमिक शाला एवं 05 हाई स्कूल के बच्चे तथा 03 बच्चे जिनका किसी भी स्कूल में नाम दर्ज नही है, को बाल कल्याण समिति सूरजपुर में प्रस्तुत किया गया, जहां सभी बच्चों की काउंसलिंग की गई एवं समझाईस दिया गया कि सभी बच्चे पढ़ाई करें। सभी समस्या के निराकरण की चाभीं केवल एक षिक्षा है। षिक्षा ग्रहण करना अति जरूरी है। रेस्क्यू की जानकारी पुरे गांव में फैल जाने के कारण पुरे गांव से सभी गाड़ी वाले बच्चों को गाड़ी से उतार दिये। अन्यथा गांव से लगभग 100 बच्चे दूसरे गांव काम करने जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल ने उपस्थित परिजनों को सख्त लहजे में समझाईस दिया और कहा कि इतने छोटे-छोटे बच्चों से श्रम कराना बिल्कुल चिन्ताजनक है। और किसी भी स्थिति में जो इस काम मे सन्लिप्त हैं उन्हे बख्शा नही जायेगा। पुछताछ में पता चला कि छोटे-छोटे बच्चों को रोपा लगाने के लिए पारिश्रमिक 300 या 350 रूपये दी जाती है जबकि गाड़ी वाले किसानों से 500 रूपये लेते हैं। गांव से इन बच्चों को सुबह खेतों मे छोड़ देते हैं और शाम को लेने के लिए आते हैं। दिन भर बच्चों से काम लिया जाता है। दोपहर एक बजे बिस्किट दे दिया जाता है और सायं 5 बजे तक काम लिया जाता है। काम के बाद सायं 7 बजे तक बच्चे अपने घर पहुंच पाते हैं। रेस्क्यू अभियान में जिला बाल संरक्षण ईकाई से अखिलेश सिंह, श्रम विभाग से रमेष साहू, डोला मणी मांझी,फरिश्वर विष्वकर्मा, चाईल्ड लाईन से जनार्दन यादव, रमेश साहू, प्रकाष राजवाडे, महिला एवं बाल विकास विभाग से मति ममता पास्ते, पुलिस से ए.एस.आई मनोज पोर्ते, आरक्षक बिरन सिंह, अमलेश्वर सिंह, दीपक यादव, राजेष नायक उपस्थित थे। प्रकरण पंजी बद्ध कर बच्चों को सुपुर्द करने वाले में बाल कल्याण समिति के सुकिरण बघेल, संजय सोनी, नंदिता सिंह, अमृता राजवाडे, रूद्र प्रताप राजवाडे, प्रियंका सिंह , जैनेन्द्र दुबे, अंजनी साहू, सखी सेंटर से विनिता सिन्हा, साबरिन फातिमा, चंदा, शारदा सिंह, पार्वती एवं चाईल्ड लाईन से दिनेष यादव व नंदिनी खटीक उपस्थित थे।

# रामानुजगंज में एक ही अधिकारी को तीन विभागों का प्रभार, जनता परेशान

**बलरामपुर।** रामानुजगंज रामचंद्रपुर जनपद में 94 ग्राम पंचायत और तहसील के अंतर्गत लगभग 25, 1 हल्का और 55 गांव आते हैं वही जिले का सबसे ज्यादा रजिस्ट्री भी इसी विकासखंड में होता है, उसके बाद भी एक अधिकारी को तीन-तीन विभाग देना कई सवालों को जन्म देता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामानुजगंज रजिस्ट्री कार्यालय में ही वाड्रफनगर का भी रेजिस्टरी और अनुबंध होता है लगभग प्रति माह सैकड़ो रजिस्ट्री, अनुबंध होते हैं और अधिकारी मिलते ही नहीं क्योंकि उनके पास अन्य दो विभागों का और प्रभार है जनपद कार्यालय और तहसील कार्यालय का भी है।

बलरामपुर जिले के सबसे बड़े और प्रमुख विकासखंड रामानुजगंज-रामचंद्रपुर में एक अधिकारी को एक साथ तीन विभागों की जिम्मेदारी सौंपे जाने का मामला इन दिनों आम जनमानस में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस निर्णय से आम नागरिकों को अपने जरूरी कार्यों के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक अधिकारी को जनपद सीईओ, तहसीलदार और रजिस्ट्रार जैसे तीन महत्वपूर्ण पदों का प्रभार एक साथ दे दिया गया है। जहां जनपद कार्यालय के अंतर्गत लगभग 94ग्राम पंचायतें आती हैं और विभिन्न शासकीय योजनाओं का संचालन किया जाता है, वहीं तहसील कार्यालय में भी राजस्व संबंधी अनेक कार्य प्रतिदिन होते हैं। इसके अलावा रजिस्ट्रार कार्यालय का कार्य भी अत्यंत संवेदनशील माना जाता है, जहां प्रतिदिन आम जनता को जमीन संबंधी दस्तावेजों के पंजीयन की आवश्यकता होती है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब वे किसी एक कार्यालय में अपने कार्य हेतु पहुंचते हैं, तो उन्हें बताया जाता है कि अधिकारी दूसरे कार्यालय में हैं। कभी अधिकारी जनपद में मिलते हैं, तो कभी तहसील में, और कभी रजिस्ट्रार कार्यालय में। ऐसे में जनता को बार-बार चक्कर काटने पड़ते हैं और जरूरी काम समय पर नहीं हो पाते। रामानुजगंज निवासी का कहना है कि कब तक एक ही अधिकारी को तीन-तीन विभागो का प्रभार चलता रहेगा , की जब भी ऑफिस में जाते हैं, हर बार यही जवाब मिलता है कि साहब तहसील या रजिस्ट्रार के कार्य में व्यस्त हैं। एक अधिकारी पर इतनी जिम्मेदारी डालना सरासर अन्याय है, इससे जनता को ही नुकसान हो रहा है। प्रशासनिक जानकार भी मानते हैं कि एक ही व्यक्ति को इतने बहुमूल्य और जवाबदेही वाले विभाग सौंपना व्यावहारिक रूप से कठिन होता है, खासकर ऐसे बड़े विकासखंड में जहां जनसंख्या और कार्यभार दोनों अत्यधिक हैं।

## बालोद जिले में जुड़ा नया अध्याय

**बालोद।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं गृह, जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बालोद जिला प्रशासन एवं वन विभाग द्वारा आज जिले में आयोजित वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के माध्यम से जिले में ऐतिहासिक एवं पावन, पुनीत कार्य किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि बालोद जिले में जनहित में किए गए इस नेक कार्य के फलस्वरूप आज का वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम सभी के लिए सदैव अविस्मरणीय एवं प्रेरणादायी रहेगा।

## निगम अध्यक्ष ने लिया बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का जायजा

**जगदलपुर।** बीते दिनों हुई भारी वर्षा के कारण शहर के सुन्दरलाल शर्मा वार्ड, दलपत सागर वार्ड, चंद्रशेखर आजाद वार्ड, शहीद पार्क एवं महात्मा गांधी वार्ड के कुछ इलाकों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी, जिसकी जानकारी प्राप्त हुई। इसकी जानकारी मिलते ही महापौर संजय पांडे के मार्गदर्शन में नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन के नेतृत्व में एमआईसी सदस्यों की टीम मौके पर पहुंची और संबंधित क्षेत्रों का निरीक्षण किया।





# गड्ढों ने बिगाड़ी रजगामार रोड की दशा, दुर्घटना से बचने की चुनौती चालकों के सामने

### एसईसीएल प्रबंधन उदासीनता दिखा रहा, रखरखाव के मामले में

**कोरबा।** कोरबा से रजगामार की ओर जाने वाला मार्ग अब सड़क कम और गड्ढों का संग्रहालय ज़्यादा लगता है। यहां से गुजरना आम लोगों के लिए किसी बाधा दौड़ से कम नहीं रह गया है। वर्षों से इस सड़क की हालत खराब है, लेकिन बारिश ने हालात ऐसे बना दिए हैं कि अब सड़क खोजने के लिए भी ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम बेकार है।

गड्ढे इतने गहरे हैं कि लोग अब उन्हें नाम तक देने लगे हैं – 'छोटा गड्ढा', 'बड़ा गड्ढा। दोपहिया वाहन चालक खुद को किसी स्टंट शो में महसूस करते हैं, जबकि चारपहिया वाहन मालिक अब तक सस्पेंशन की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर चुके हैं। इस मार्ग की देखरेख की जिम्मेदारी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कोरबा एरिया एवं रजगामार उपक्षेत्र की है। लेकिन अधिकारी या तो आंखें मूंद चुके हैं या शायद वे हेलिकॉप्टर से सफर करते हैं। स्थानीय लोग कहते हैं –रास्ता चाहे जैसा हो, अफसरों की चुप्पी हमेशा एक जैसी होती है। सबसे आश्चर्य की बात यह है कि जनता की समस्याओं पर कोई जनप्रतिनिधि आवाज नहीं उठा रहा। क्या हमने उन्हें सिर्फ पोस्टर में मुस्कुराने और उद्घाटन की रिबन काटने के लिए चुना था। जनता अब सवाल पूछ रही है –क्या वोट देने की सज़ा हम गड्ढों में गिर–गिर कर भुगतें। सरकारी वादों में 'गड्ढा मुक्त सड़कें' हर साल का सपना बन कर रह गया है। लेकिन कोरबा–रजगामार रोड को देखकर लगता है कि सपना उल्टा हो गया है – यहाँ सड़क कम और गड्ढे ज़्यादा हैं। लगता है जल्द ही इसे जलभराव पर्यटन स्थल घोषित कर दिया जाएगा।

### टूट–फूट की शिकायतों में बढ़ोत्तरी

इस रास्ते की बदहाली के कारण कई प्रकार की चुनौतियां वाहन मालिकों के सामने बनी हुई है। रास्ते पर बड़े–बड़े गड्ढों से गाड़ियों के पार होने के कारण उनके स्पेयर पार्ट्स में शिकायत आती है। कमानी पट्टा, शॉकप के साथ–साथ दूसरे महंगे पार्ट्स क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। दूसरी और गाड़ियों के पहिए पर भी गंभीर दुष्परिणाम हो रहा है। सबसे अधिक समस्या छोटी गाड़ियों के मामले में है। बताया गया कि रास्ते की दुर्दशा के कारण लगातार इस प्रकार के मामले आसपास की दुकानों में पहुंच रहे हैं जिनमें लोगों की शिकायत आती है कि उसे समय पहले ही सुधार कराया गया और एक बार फिर गाड़ियों को यहां पर लाना पड़ा है। सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि इस तरह के मामले ना तो आप उपभोक्ता फोरम में पेश कर सकते हैं और ना ही किसी और प्लेटफार्म पर इन्हें क्लेम किया जा सकता है। लोगों की नाराजगी इस पूरे मामले को लेकर साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड पर बनी हुई है। लोगों का कहना है कि अगर समस्या का निराकरण करने को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जाती है तो उन्हें सड़क की समस्या के मामले में सड़क पर उतरना होगा

# नशाखोरों की जद में पावर हब, दो सुरक्षा कर्मी गिरफ्तार

### सीएसईबी पुलिस ने ओएनसी बार मे दी दबिश



**कोरबा।** पाम मॉल स्थित ओएनसी बार में रईसजादों की अय्याशी और नशे के वायरल वीडियो पर शनिवार को रविवार की रात को कोरबा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की।

सीएसईबी चौकी पुलिस की टीम ने रात में ही ओएनसी बार और मॉल परिसर में दबिश दी। इस दौरान दो नशे में पाए गए सुरक्षाकर्मियों को मौके से हिरासत में लिया गया। उनके खिलाफ सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करने के आरोप में विधिवत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस की टीम ने मॉल परिसर का निरीक्षण करते हुए वहां मौजूद कई युवाओं को भी चेतावनी दी और शराब पीने वाले कुछ संदिग्धों से पूछताछ की। बताया जा रहा है कि कुछ युवक–युवतियां वीडियो में बार से नशे की हालत में बाहर आते दिखे थे, जिनकी पहचान की प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

पुलिस ने रात में ही ओएनसी बार क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी। रात 11 बजे से लेकर 1 बजे तक पुलिस टीम मौके पर डटी रही और हर गतिविधि पर नजर रखी गई। अधिकारियों ने बार प्रबंधन को भी स्पष्ट निर्देश दिए कि मॉल परिसर में किसी भी प्रकार का उपद्रव, हंगामा या कानून का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीएसपी भूषण एक्का ने कहा,हमने पूरी गंभीरता से मामले को लिया है। गश्त और निगरानी पहले से ज्यादा मजबूत की जा रही है। जो भी कानून का उल्लंघन करेगा, चाहे वह कोई भी हो, कार्रवाई निश्चित है। रविवार रात की इस कार्रवाई को लेकर कहा गया है कि पुलिस अब शहर में 'सज्जन कोरबा, सतर्क कोरबा' के लक्ष्य को लेकर सजग हो चुकी है।

# नेहरू नगर से रकम और सामान पार



**बालकोनगर।** सूने मकान को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया है, घर से नगदी रकम समेत अन्य सामान को चोरों ने निशाना बनाते हुए घटना को अंजाम दिया है।

मामला बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत नेहरू नगर का है जहां चमन सारथी के घर अज्ञात लोगों द्वारा चोरी की गई हैं, धनीराम सारथी अपनी परिजनों के साथ बाहर काम करने गए हुए थे, घर पर चमन सारथी रहा करता है जो कनकी महादेव के दर्शन करने रात में गया हुआ था जब सोमवार को वह घर वापस लौटा तो उसके होश उड़ गए, घर का सामान बिखरा हुआ था घर पर रखे



15,000 रुपए नगदी रकम, स्मार्ट टीवी, पायल समेत अन्य सामनों की चोरी हुई है। मामले की जानकारी बालको पुलिस को दे दी गई, एएसआई माखन पात्रे अपने स्टॉफ के साथ घटना स्थल पर पहुंच मामले की जांच में जुट गए है।

# डिजेंट हाउसिंग की पोल खुल रही गेवरा कालोनी में, एक मकान का गिरा छज्जा



**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के गेवरा क्षेत्र के बी1/74 ऊर्जा नगर निवासी श्रमिक अनूप दुबे के परिवार के साथ बीती रात एक बड़ी दुर्घटना में बाल बाल बच गया। देर रात मकान के कमरे की छत का प्लास्टर अचानक भरभरा कर नीचे गिर पड़ा। गनीमत रही कि घटना के समय अनूप दुबे का परिवार दूसरे कमरे में था, जिससे सभी सदस्य सुरक्षित बच गए।

माना जा रहा है कि यदि परिवार के सदस्य उसी कमरे में उपस्थित होते, तो गंभीर चोट लगने की पूरी आशंका थी। इस घटना ने गेवरा क्षेत्र के नगर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए हैं। लंबे समय से जर्जर मकानों की मरम्मत की अनदेखी की जा रही है, और अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं।

यहां के कर्मचारियों का कहना है कि यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, मगर प्रशासन की तरफ से केवल औपचारिक कार्रवाई कर मामले को रफा–दफा कर दिया जाता है। गेवरा क्षेत्र सिविल विभाग से कहा गया है कि तत्काल संज्ञान ले और जर्जर भवनों की मरम्मत के लिए ठोस और समयबद्ध कदम उठाए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना को टाला जा सके।

# हाथियों की कोरबा रेंज में हुई एंट्री किया गया ग्रामीणों को सतर्क

**कोरबा।** जिले के पसरखेत वन परिक्षेत्र में विचरण कर रहे हाथियों की एंट्री और कोरबा रेंज अंतर्गत कमरन में हो गई है। हाथियों के दल को आज सुबह यहां विचरण करते हुए देखा गया और इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिस पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गए हैं। हाथियों की मौजूदगी वाले कमरन व आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का काम शुरू कर दिया गया है। हाथियों के दल ने यहां पहुंचने से पहले पसरखेत रेंज के कोल्गा गांव में तीन ग्रामीणों की फसल को मटियामेट कर दिया। पीड़ित ग्रामीणों द्वारा जानकारी दिए जाने पर वन अमला मौके पर पहुंचकर हाथियों द्वारा रात में किए गए नुकसानी का आंकलन शुरू कर दिया है। एक अनुमान के मुताबिक हाथियों के इस उत्पात में ग्रामीणों को हजारों रुपए की चपत लगी है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक प्रभावित ग्रामीणों को मुआवजा राशि दी जाएगी।

### मोहन अध्यक्ष बने

**कोरबा।** बरेठ समाज रजगामार इकाई में चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें मोहन कर्ष को अध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह लालचंद बरेठ को सर्वमंगला नगर इकाई अध्यक्ष बनाए गए हैं।

नमः शिवाय
मकान/प्लाट उपलब्ध है
एचआईजी, एमआईजी एम.पी.नगर में व आर.एस.एस नगर में 2400 स्क्वायर फीट प्लाट बिक्री हेतु उपलब्ध है।
संपर्क करें
62681-46606

# तिलक जयंती पर पत्रकारों के लिए कार्यशाला 23 को

**कोरबा।** स्वाधीनता संग्राम सेनानी और प्रख्यात पत्रकार बाल गंगाधर लोकमान्य तिलक की जयंती 23 जुलाई को है। प्रेस क्लब कोरबा इस अवसर पर एक कार्यशाला कर रहा है। इसमें विभिन्न बिंदुओं पर मार्गदर्शन दिया जाएगा और मंथन भी होगा।

प्रदेश के जाने–माने पत्रिका दिवाकर मुक्तिबोध मुख्य वक्ता होंगे। विश्वेश ठाकरे विशेष अतिथि होंगे। प्रफुल्ल ठाकुर और प्रेम पाठक का मार्गदर्शन भी इस कार्यशाला में जिले के पत्रकारों को प्राप्त होगा। बताया गया कि सुबह 11 बजे से प्रेस क्लब तिलक भवन में यह कार्यक्रम शुरू होगा। कहा गया कि पत्रकारिता से जुड़े लोगों के लिए कार्यशाला को उपयोगी बनाने की कोशिश की जा रही है।

# सावन सोमवार पर शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु

**कोरबा।** दूसरे सावन सोमवार पर शिवालयों में भक्तों की भीड़ जमकर उमड़ी। उन्होंने यहां जलाभिषेक के साथ पूजा अर्चना की। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक माहौल देखा गया।

सावन में भगवान शिव की पूजा अर्चना को लेकर लोग उत्साहित हैं। विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम शिवालयों में किए जा रहे हैं। आज सुबह 4 बजे से मंदिरों में घंटा और शंख ध्वनि के साथ श्रद्धालुओं की उपस्थिति दर्ज हुई। उन्होंने परंपरागत तरीके से भगवान शिव का पूजन अर्चन किया। जिले के तीन स्थानों के लिए कांवर यात्रा की गई। भक्तों ने हसदेव नदी, हनुमानगढ़ी, नरसिंह गंगा और कोरकोमा के प्राकृतिक स्त्रोत से जल उठाया। भगवान शिव के जयघोष के साथ पदयात्रा की गई और उनके धाम पहुंचकर इसे अर्पित किया गया।

कोरबा जिले में कांवरिया संघ के साथ–साथ रोटरी क्लब, विश्व हिंदू परिषद और नागरिक संगठनों की ओर से अपने सरोकार श्रद्धालुओं की सेवा के लिए काम किया जा रहा है। कांवर यात्रियों के रास्ते पर आधार शिविर लगाकर उनकी जरूरतें पूरी की गई। उधर जनपद पंचायत करतला के द्वारा कनकी के शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जरूरी प्रबंध कराए गए हैं। मदिर संमिति ने भी अपनी तरफ से व्यवस्था की है।

# बिजली चोरी : दो लोगों को सुनाई गई सजा

### दोनों प्रकरणों की पैरवी धनेश ने की



**कोरबा।** विशेष न्यायाधीश (विद्युत अधि.) कोरबा एस. शर्मा द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 के तहत विद्युत चोरी के मामले में आरोपी रमेश कुमार पिता भगत राम उम्र 57 वर्ष, पता अटल चौक ग्राम पण्डरीपानी भैसमा, थाना उरगा को एवं श्रीमती गरूबाई जायसवाल पति शिवराम जायसवाल, उम्र 45 वर्ष, निवासी 9–ई, हाउसिंग कॉलोनी बरबसपुर कोरबा, थाना उरगा को को सजा सुनाई गई ।

प्रकरण के अंतर्गत परिवादी छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित कोरबा उपसंभाग (ग्रामीण) द्वारा अभियुक्त रमेश कुमार पिता भगत राम के उपर रूपये 63,320/– विद्युत बिल बकाया रहने के कारण 04.12.2022 को विद्युत विच्छेदित किया गया था। पश्चात् 10.08.2023 को उक्त परिसर में लगे विद्युत लाईन की जांच करने पर अभियुक्त ने अपने उक्त परिसर में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित के द्वारा लगाए गए विद्युत लाईन से अवैध रूप से विद्युत लाईन जोड़कर बेईमानीपूर्वक 2116 वॉट विद्युत ऊर्जा की चोरी कर विद्युत विभाग को 20,370/– रूपये की क्षति कारित की गई। इसी प्रकार अभियुक्ता गरूबाई जायसवाल पति शिवराम जायसवाल के उपर रूपये 60,730/– विद्युत बिल बकाया रहने के कारण 01.09.2022 को विद्युत विच्छेदित किया गया था । पश्चात् दिनांक 24.09.2022 को उक्त परिसर में लगे विद्युत लाईन की जांच करने पर अभियुक्ता ने अपने उक्त परिसर में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित के द्वारा लगाए गए विद्युत लाईन से अवैध रूप से विद्युत लाईन जोड़कर बेईमानीपूर्वक 1516 वॉट विद्युत ऊर्जा की चोरी कर विद्युत विभाग को 7,720/– रूपये की क्षति कारित की गई। उक्त दोनों प्रकरणों में परिवादी छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित कोरबा की ओर से नियुक्त अधिवक्ता धनेश कुमार सिंह के द्वारा पैरवी करते हुए प्रकरण में परीक्षित साक्षी एवं पर्याप्त दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किया। प्रकरण में न्यायालय द्वारा अभियुक्त रमेश कुमार पिता भगत राम को विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अपराध में 7,110/– रूपये के अर्थदण्ड से एवं अर्थदण्ड के व्यतिक्रम में 01 माह अर्थात 30 दिवस के साधारण कारावास इसी प्रकार धारा 138 विद्युत अधिनियम 2003 के आरोप में 1,000/– रूपये के अर्थदण्ड से एवं अर्थदण्ड के व्यतिक्रम में 10 दिवस के साधारण कारावास से दण्डित किया गया है। इसी प्रकार अभियुक्ता गरूबाई जायसवाल को विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अपराध में 23,160/– रूपये के अर्थदण्ड से एवं अर्थदण्ड के व्यतिक्रम में 01 माह अर्थात 30 दिवस के साधारण कारावास इसी प्रकार धारा 138 विद्युत अधिनियम 2003 के आरोप में 1,500/– रूपये के अर्थदण्ड से एवं अर्थदण्ड के व्यतिक्रम में 10 दिवस के साधारण कारावास से दण्डित किया गया है। परिवादी की ओर से अधिक्ता धनेश कुमार सिंह द्वारा पैरवी की गई ।




### साधक परिवार का रुद्राभिषेक पोड़ी में

**कोरबा।** सिद्धाश्रम साधक परिवार के द्वारा सावन के महीने में कई स्थानों पर अलग–अलग गुरु भजन के साथ रुद्राभिषेक किए जा रहे हैं। आज पोड़ी में रुद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में मुंगेली के वरिष्ठ साधक एवन कश्यप गुरु पूजन व रुद्राभिषेक कराएंगे। श्री कश्यप कल भाठापारा भी गए हुए थे। वहां जाकर उन्होंने रुद्राभिषेक कराया। यह जानकारी घनश्याम बरेठ ने दी है।

### वरिष्ठ भाजपाईयों से करेंगे मुलाकात

**कोरबा।** भाजपा कोसाबाड़ी नगर मंडल के सभी पदाधिकारी आज प्रदेश के मंत्री लखन देवांगन के साथ–साथ भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी से मुलाकात करेंगे।








स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com